# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025





वादे निभाए हैं, वादे निभाएंगे

हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे



## भाजपा पर है मेरा विश्वास, हर नगर का होगा विकास



### 25.4 लाख किसानों से

₹3,100 प्रति क्विंटल से खरीदा धान, DBT के माध्यम से ₹44,089 करोड़ का भुगतान



### कृषक उन्नति योजना

24.75 लाख किसानों को ₹25,300 करोड़ अंतर की राशि



### मोदी की गारंटी

13लाख किसानों को ₹3,716 करोड़, दो वर्ष का बकाया बोनस भुगतान



### महतारी वंदन योजना

विवाहित महिलाओं को ₹12,000/सालाना, अब तक कुल ₹7,832 करोड़ की सहायता



### 5 लाख 65 हजार भूमिहीन कृषि मजदूरों को

सालाना ₹10,000, कुल ₹565 करोड़ की आर्थिक सहायता, देंगे हर वर्ष



### तेंदू पत्ता पारिश्रमिक

₹4,000 से बढ़ाकर ₹5,500 प्रति मानक बोरा

## 14 महीने लाभार्थियों के खातों में ₹81,502 करोड़

कमल का बटन दबाएं भाजपा को विजयी बनाएं

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

PUBLISHED BY BHARTIYA JANTA PARTY, CHHATTISGARH



## ग्रामीण/शहरी रणभूमि

### कांग्रेसी किसी पार्टी में शामिल नहीं होगा: बैज

दलबदल पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कोई भी कांग्रेस संगठन का कार्यकर्ता किसी पार्टी में शामिल नहीं होगा। ऐसे लोग शामिल होंगे जो केवल सत्तावादी हैं. केवल सत्ता का सुख चाहते हैं. इससे कोई फर्क कांग्रेस पार्टी को नहीं पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव लड़ रही है।





### वहीं जाने क्या सोचते हैं: किरणदेव

कांग्रेसियों के भाजपा प्रवेश पर प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने पीसीसी अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके दल के नेता दूसरे दल में शामिल हो रहे हैं और उन्हें फर्क नहीं पड़ रहा है। इससे चिंता का बात और क्या होगी। वही जाने क्या सोचते हैं।



**निकाय चुनाव**


नगरीय निकाय चुनाव में प्रयोग किए जा रहे एमटू ईवीएम में मतदाता को महापौर और पार्षद दोनों पद के लिए मतदान करना अनिवार्य होगा। अगर किसी मतदाता ने सिर्फ एक पद के लिए मतदान किया और नोटा या एंड बटन नहीं दबाया। इस सूरत में मतदान प्रभारी मतदाता को बताएंगे की वो एक बटन और प्रेस करे। इसके बावजूद भी कोई मतदाता एक ही बटन प्रेस करके चला जाता है तो मतदान अधिकारी का काम बढ़ जाएगा। उसे ईवीएम को रीस्टार्ट करना पडेगा।

# नगरीय निकाय चुनाव में महापौर और पार्षद दोनों को करना पड़ेगा मतदान

## एक बटन दबाने के बाद नोटा या एंड बटन दबाने पर पूरा होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में इस बार राज्य निर्वाचन आयोग मेयर और पार्षद के चुनाव के लिए नए ईवीएम का इस्तेमाल करने जा रहा है। यह मशीन एम टू ईवीएम है, जो नए इंटरफेस से लैस होगा। नए इंटरफेस एमटू ईवीएम में पहली बार दिखाई देगा, इससे पहले एमटू ईवीएम साल 2014 में पहली बार निकाय चुनाव में उपयोग में लाई गई थी। साल 2014 के नगरीय निकाय चुनाव से इस बार ईवीएम अलग है। क्योंकि इस बार ईवीएम का इंटरफेस अलग है। साल 2014 के नगरीय निकाय चुनाव में एम टू ईवीएम का उपयोग हुआ था, इस चुनाव में मेयर और पार्षद को चुनने के लिए जो वोटिंग हुई थी उसके लिए अलग अलग बैलेट यूनिट लगाई गई थी, इस बार ऐसा नहीं होगा। एक ही बैलेट यूनिट के जरिए इस बार मेयर और पार्षद का चुनाव होगा।



### सफेद रंग के कागज में मेयर और गुलाबी रंग में पार्षद के नाम

छत्तीसगढ़ नगर निगम चुनाव में ईवीएम से मतदान में महापौर और पार्षद प्रत्याशियों के नाम अलग-अलग रंगों में दिखेंगे और मतदान प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। गुलाबी रंग के कागज पर छपे होंगे पार्षद प्रत्याशियों के नाम महापौर प्रत्याशियों के नाम सफेद रंग के कागज पर होंगे। यह व्यवस्था मतदान को सरल बनाने के लिए की गई है।

### पहले बटन दबाने पर एक छोटी बीप की आवाज आएगी

मतदाता को महापौर और पार्षद के चुनाव चिन्ह के साथ नाम वाले बटन को दबाना होगा। पहले बटन दबाने पर एक छोटी बीप की आवाज आएगी और दूसरे बटन दबाने पर लंबी बीप की आवाज सुनाई देगी। इसके बाद, दोनों प्रत्याशियों के सामने लाल रंग की लाइट जलने लगेगी, जो मतदान पूरा होने का संकेत होगा।

### छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव में वोटिंग कैसे करें ?

एम 2 ईवीएम मशीन में आधे में मेयर पद के उम्मीदवारों के नाम होंगे और उसके बाद वार्ड नंबर लिखा होगा और फिर नीचे पार्षद प्रत्याशियों के नाम होंगे। उनके नाम के सामने का बटन दबाकर आप वोट कर सकते है, लेकिन अगर किसी को एक ही वोट देना है तो वो अगले पद के लिए नोटा का बटन दबा सकता है। अगर नोटा भी नहीं चुनना है तो मशीन के अंत में एंड का बटन दिया गया है। एक वोट देने के बाद एंड का बटन दबा सकते हैं, इनमे से कोई भी दो बटन प्रेस करने पर ही लंबी बीप चुनाई देगी जिससे पता चलता है की मतदान हो गया है।

### रायपुर के हर वार्ड में लगेगी दो-दो ईवीएम

नगर निगम रायपुर में महापौर और पार्षद पद के लिए मतदान के दौरान प्रत्येक वार्ड में दो-दो ईवीएम मशीनें लगेंगी। एक बैलेट यूनिट में 16 बेल बटन होते हैं। इस तरह 16 प्रत्याशियों के नाम एक यूनिट में होते हैं, लेकिन नगर निगम रायपुर में महापौर पद के लिए 16 प्रत्याशी मैदान पर हैं। इसे देखते हुए जिला निर्वाचन आयोग ने ऐसी व्यवस्था की है कि दो बैलेट यूनिट में से एक में सिर्फ महापौर के 14 प्रत्याशियों के नाम होंगे। इस बैलेट यूनिट का पहला और अंतिम बटन को खाली रखा जाएगा। 2 महापौर सहित वार्ड से पार्षद पद के लिए लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम दूसरे बैलेट यूनिट में होंगे। हालांकि दूसरे बैलेट यूनिट में नोटा के भी दो बटन होंगे। ये दोनों बटन महापौर-पार्षद के संयुक्त बैलेट यूनिट में होंगे। इनमें एक बटन महापौर प्रत्याशियों के नाम के बाद और दूसरा पार्षद प्रत्याशियों के नाम के बाद होगा। इस तरह अगर कोई मतदाता महापौर या पार्षद पद में से किसी भी प्रत्याशी को वोट देना नहीं चाहता, तो वह नोटा बटन का इस्तेमाल कर सकता है।

**चुनाव प्रचार**

## धमतरी में सीएम साय का रोड शो, 31 मार्च 2026 तक छग नक्सल मुक्त राज्य बन जाएगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

नगरीय निकाय चुनाव अंतर्गत भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को दोपहर 12 बजे रोड शो करने धमतरी पहुंचे। हेलीकॉप्टर से धमतरी पहुंचकर खुली जीप में सवार होकर शहर के मुख्य मार्गो में रोड शो किया। आम जनता का अभिवादन किया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक सामाजिक संगठन, व्यापारी संगठन ने फूलों की वर्षा एवं फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। श्री साय के काफिले में पार्टी के वरिष्ठ नेता, भाजपा महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा, 40 वार्ड के भाजपा प्रत्याशी, सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। रोड शो के दौरान श्री साय ने वाहन में सवार होकर 6 किमी का लम्बा सफर किया। अंत में मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर मत्था टेका एवं पत्रकारों से चर्चा की। श्री साय ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के सभी प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे। भाजपा के पक्ष में अच्छा माहौल है। नक्सली उन्मूलन के संबंध में उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री के संकल्प के अनुसार 31 मार्च 2026 तक छग नक्सल मुक्त राज्य बन जाएगा। मुठभेड़ में आज 31 नक्सली मारे गए। जवानों के साहसिक कदम को हम सलाम करते हैं।

## निर्वाचन आयोग ने जारी किए दिशा निर्देश

# ईवीएम रखने के लिए तगड़े स्ट्रांग रूम, एक ही होगा दरवाजा, दलों के प्रतिनिधि कर सकते हैं पहरेदारी

छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीय निकायों के चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कई तरह की व्यवस्था की गई है। इस क्रम में सबसे महत्वपूर्ण इंतजाम में से एक वोटिंग की बाद ईवीएम की सुरक्षा भी है। आयोग ने ईवीएम की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूप तैयार करने और मतगणना तक उसे सुरक्षित रखने के लिए संबंध में कई निर्देश दिए है। जो स्ट्रांग रूम बनाए जा रहे हैं, उनमें प्रवेश का एक ही दरवाजा होगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि स्ट्रांग रूम की पहरेदारी कर सकते हैं। वहां चौबीसों घंटे सुरक्षा व्यवस्था होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों और निकाय चुनाव के अधिकारियों को स्ट्रांग रूप में सुरक्षा के संबंध में विस्तार से निर्देश दिए हैं। कहा गया है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्याप्त समय पूर्व स्थल का चयन किया जाना चाहिए। स्ट्रांग रूम के भवन का चयन करते समय मतगणना हेतु कक्षों की निकटता को ध्यान में रखा जाना चाहिए। स्ट्रांग रूम हेतु चयनित स्थल सुगम्य होना चाहिए ताकि मतपेटियों के परिवहन में असुविधा न हो।

## अभ्यर्थी भी चाहे तो वीडियो रिकार्डिंग करा सकते हैं




**चौबीस घंटे सातों दिन सुरक्षा:** आयोग ने कहा है कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा हेतु पर्याप्त बल की व्यवस्था होनी चाहिए और चौबीस घंटे सातों दिन के लिए सुरक्षा व्यवस्था की जानी चाहिए। स्ट्रांग रूम डबल लॉक सिस्टम से बंद किया जाना चाहिए। स्ट्रांग रूम की एक चाबी रिटर्निंग ऑफिसर तथा दूसरी प्रेक्षक के पास रखनी चाहिए। आग एवं बाढ़ से सुरक्षा के उपाय किये जाने चाहिए। मतपेटियों के परिवहन के लिए पर्याप्त सुविधा होनी चाहिए।

### स्ट्रांग रूम में होगा केवल एक दरवाजा

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के मद्देनजर निर्देश दिया गया है कि स्ट्रांग रूम में केवल एक दरवाजा होना चाहिए। यदि एक से अधिक दरवाजे हों और यदि रोशनदान हो तो अतिरिक्त दरवाजे एवं रोशनदान को ईटों की जुड़ाई से उन्हें बंद कर देना चाहिए। स्ट्रांग रूम के परिसर में निर्बाध विद्युत सप्लाई होनी चाहिए किन्तु स्ट्रांग रूम के अंदर वाले विद्युत सर्किट को बाहर से ब्रेक (डिस्कनेक्ट) करने की व्यवस्था की जानी चाहिए तथा जब स्ट्रांग रूम बंद हो तो स्ट्रांग रूम के सर्किट को ब्रेक (डिस्कनेक्ट) करके रखना चाहिए।

### सील लगने के बाद कोई नहीं जा सकता

एक बार स्ट्रांग रूम सील होने के बाद कोई भी व्यक्ति स्ट्रांग रूम से निर्धारित दूरी तक ही जा सकता है। अपरिहार्य कारणों से तथा सी.सी.टी.वी. में सुधार हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति पश्चात ही अधिकारी, कर्मचारी, अभ्यर्थी ,राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि को सूचित कर यथासंभव उनकी उपस्थिति में प्रवेश कर सकेंगे। निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को लिखित रूप से सूचित करना चाहिए कि वे स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर व्यवस्था पर नजर रखने के लिए अपने प्रतिनिधि को तैनात कर सकते हैं। राजनीतिक दलों,अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि को पहरा देने के साथ-साथ यदि वे सोना चाहें तो स्ट्रांग रूम से पर्याप्त दूरी पर सोने की अनुमति भी दी जा सकती है। जहां तक संभव हो सके, पहरा देने वाले व्यक्तियों के लिए उपयुक्त शेड, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था कराई जानी चाहिए।

### स्थापना की जानकारी हों दलों-अभ्यर्थियों को

स्ट्रांग रूम की स्थापना के संबंध में अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों को सूचना दी जानी चाहिए। स्ट्रांग रूम को खोलते समय एवं बंद करते समय राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों की उपस्थिति होनी चाहिए एवं एक लॉकबुक संधारित की जानी चाहिए। लॉकबुक में उपस्थितों के हस्ताक्षर भी कराया जाना चाहिए। अभ्यर्थी यदि चाहे तो स्ट्रांग रूम की देखरेख हेतु स्वयं या उसके द्वारा अधिकृत कोई एक व्यक्ति स्ट्रांग रूम से पर्याप्त दूरी पर पहरा दे सकते हैं तथा वीडियो रिकॉर्डिंग भी कर सकते हैं। रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नियमित अंतराल पर स्ट्रांग रूम की परिसर का भ्रमण करके सुरक्षा का जायजा लेते रहना चाहिए। सभी स्ट्रांग रूम के प्रत्येक कक्ष में जहां मतदान पश्चात सीलबंद मतपेटियां रखी जाएंगी, उसके द्वार को फोकस करते हुए सीसीटीवी लगाने की व्यवस्था की जायें। उक्त सीसीटीवी की रिकार्डिंग स्ट्रांग रूम से पर्याप्त दूरी पर राजनीतिक दलों को दिखाए जाने हेतु स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शन किया जाए। सीसीटीवी सामग्री वापसी दिनांक से मतगणना दिनांक तक निर्बाध रूप से चलती रहे।

**टुकुन की नजर से...**




## चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रैलियों में प्रत्याशियों ने दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

नगरीय निकाये चुनाव प्रचार का शोर आज रात से थम गया है। प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड में धुआंधार जनसंपर्क रैलियां निकाली। शहर के 51 वार्ड में चुनावी शोरगुल, ढोल नगाड़े के साथ सुबह से ही शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा।

शहर के सभी वार्डों में प्रत्याशियों ने अपनी जीत के लिए शक्ति प्रदर्शन दिखाते हुए रैलियों का आयोजन किया। रैलियों में भीड़ लाने के लिए आसपास वार्डों के मतदाताओं को भी शामिल किया गया। वार्ड-वार्ड में निकली चुनावी रैलियों के लिए लोगों में उत्साह नजर आया। बजे-बजे के साथ झंडा बैनर लेकर सैकड़ों की संख्या में लोग अलग-अलग रैलियों में शामिल हुए। इस दौरान प्रत्याशियों के द्वारा रैलियों में जाने वाले लोगों के लिए चाय नाश्ते का प्रबंध भी किया गया।

### ज्यादा भीड़ लाने की रही होड़

चुनाव प्रचार का शोर थामने के पहले प्रत्याशी अपने प्रतिद्वंद्वी से ज्यादा भीड़ रैली में लाने के लिए जुटे रहे। भीड़ के जरिए प्रत्याशियों ने अपना दम दिखाया। वहीं डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं से अपने लिए समर्थन मांगा।

# सॉफ्टवेयर से आनलाइन जनरेटेड मतदाता पर्ची से भी डाल सकते हैं वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक / डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र (पैन), आधार कार्ड, राज्य -केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड,

### मतदाता की पहचान के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज हैं मान्य



फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छ.ग. राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौशिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी-ईआर द्वारा आनलाईन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता उपरोक्त में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जायेगा और पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान स्थापित की जायेगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी-ईआर द्वारा आनलाईन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। यह पर्ची आयोग की वेबसाईट पर दिये गये लिंक से मतदाता के द्वारा डाउनलोड की जा सकती है, इसके लिए सीजीएसइसी डाट जीओवी डाट इन वेबसाईट में जाकर नामवार सर्च करके अपना मतदान केन्द्र का विवरण देख व प्रिंट कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में दो दिन बाद नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान होना है। निकायों और पंचायतों के चुनाव में इस बार महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है, ऐसे में उनकी भूमिका निर्णायक हो सकती है। नगरीय निकायों में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या लगभग 73 हजार से अधिक है। वहीं पंचायतों में लगभग पुरुषों के मंकाबले डेढ़ लाख महिला मतदाता अधिक है।

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में महिलाओं की होगी निर्णायक भूमिका

**रायपुर।** कांग्रेस और भाजपा के द्वारा महिला मतदाताओं को साधने के प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा यह मानकर चल रही है कि राज्य मं महतारी वंदन योजना के चलते महिलाओं का पूरा साथ उन्हें मिलेगा। वहीं कांग्रेस महिलाओं को साधने घोषणा पत्र में महिलाओं से संबंधित मामलों पर वादे किए है। देखना यह है कि आखिर आधी आबादी का लाभ किसे मिलता है। प्रदेश के जिन 10 नगरपालिक निगमों में से 8 निगमों में महिला मतदाता अधिक हैं। कोरबा और चिरमिरी नगर निगम में ही पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 173 नगरीय निकायों में चुनाव होना है, जिनमें 10 नगर निगम, 49 नगरपालिका परिषद तथा 114 नगर पंचायत व 3201 वार्ड शामिल हैं। त्रिस्तरीय पंचायतों के जिला पंचायत सदस्य के लिए 433, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 2973, सरपंच पद के लिए 11672 तथा पंच पद के लिए 1,60,180 पदों पर चुनाव कराया जाना है।

## आठ नगर निगम में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक



**महिलाओं को आ रहे फोन:** महतारी वंदन का लाभ प्रदेश के जिन महिलाओं को मिल रहा है, उन्हें चुनाव के समय भाजपा के द्वारा यह फोन कर पूछा जा रहा है कि इसका लाभ मिल रहा कि नहीं। चुनाव के समय महिलाओं से फोन पर संकर्प करने के पीछे यही कहा जा रहा है कि उनसे सहयोग का आग्रह किया जा रहा है।

### रायपुर में पुरुषों के मुकाबले 4500 अधिक महिला मतदाता

प्रदेश के जिन 10 नगरपालिक निगमों में होना है, उनमें से रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव व जगदलपुर में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। कोरबा और चिरमिरी में पुरुष मतदाता अधिक हैं। नगर निगम रायपुर में कुल 10,36,079 मतदाताओं में से 5,15,301 पुरुष, 5,20,524 महिला व 254 अन्य मतदाता हैं। इसी तरह कुछ अन्य नगरीय निकायों में भी पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है।

### प्रदेश में मतदाताओं की संख्या

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में कुल 44,74,269 शहरी मतदाताओं में से 22,00,525 पुरुष, 22,73,232 महिला व 512 अन्य मतदाता हैं। यहां पर लगभग 73 हजार महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। वहीं, त्रिस्तरीय पंचायतों में कुल 1,58,12,580 ग्रामीण मतदाता हैं, जिनमें 78,20,202 पुरुष, 79,92,184 महिला व 194 अन्य मतदाता हैं। यहां पर लगभग 1 लाख 65 हजार से अधिक महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी।

### 9 निकायों में महिला मतदाता अधिक

रायपुर जिले के 11 नगरीय निकायों में भी पुरुषों की तुलना में महिला मतदाता अधिक हैं। इन निकायों में कुल मतदाताओं की संख्या 11,68,334 है, जिनमें 5,80,154 पुरुष व 5,87,923 महिला मतदाता हैं। 11 निकायों में से केवल नगरपालिका परिषद गोबरा नवापारा व मंदिरहसौद को छोड़कर शेष 9 निकायों में पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





नेशनल पार्क एरिया में मुठभेड़

**650** जवानों ने 48 घंटे घेरे रखा

**9** घंटे चली मुठभेड़

भारी संख्या में अत्याधुनिक हथियार व विस्फोटक भी बरामद किया गया

## डीआरजी के हवलदार व एसटीएफ के आरक्षक शहीद, दो जवान घायल

### मद्देड़-फरसेगढ़ बार्डर एरिया के जंगल में नेशनल पार्क एरिया कमेटी से हुई मुठभेड़

31 नक्सलियों के शव, एके 47, एसएलआर, इंसास, थ्री नॉट थ्री रायफल बीजीएल लांचर व विस्फोटक बरामद

घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर किया गया रेफर


# माओवाद पर सबसे बड़ा प्रहार, मारे गए 31 नक्सली, दो जवान भी शहीद

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया में हुए अब तक के सबसे बड़े एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने 31 वर्दीधारी माओवादियों को मार गिराया है। इससे पूर्व वर्ष 2024 में माड़ में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर किया था, इसे देखते हुए यह अब तक का सबसे बड़ा एनकाउंटर माना जा रहा है। यह मुठभेड़ नेशनल पार्क एरिया स्थित मद्देड़-फरसेगढ़ बार्डर एरिया के जंगल में हुई। नेशनल पार्क एरिया कमेटी से हुई मुठभेड़ में डीआरजी व एसटीएफ के दो जवान शहीद हो गए, वहीं दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर किया गया।




### मारे गए नक्सलियों में 11 महिला व 20 पुरुष

*आईजी सुंदरराज पी ने बीजापुर रवाना होने से पूर्व जगदलपुर एयरपोर्ट में पत्रकारों से चर्चा में बताया कि नेशनल पार्क एरिया कमेटी के माओवादियों के मौजूदगी की सूचना पर 7 फरवरी को नक्सल विरोधी सर्च अभियान के लिए बीजापुर डीआरजी के अलावा बस्तर फाइटर व एसटीएफ की संयुक्त टीम को रवाना किया गया था। अभियान के दौरान 9 फरवरी की सुबह 8 बजे थाना मद्देड व फरसेगढ़ के बॉर्डर एरिया के मध्य जंगल पहाड़ में डीआरजी, एसटीएफ एवं बस्तर फाइटर की संयुक्त पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। दोनों ओर से शाम 3-4 बजे तक रुक रुककर फायरिंग होती रही। मुठभेड़ उपरांत संयुक्त टीम द्वारा सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें 11 महिला एवं 20 पुरुष कुल 31 हार्डकोर वर्दीधारी माओवादियों का शव, हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद हुआ है।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

नक्सलियों की नेशनल पार्क एरिया कमेटी व तेलगांना स्टेट कमेटी के माओवादियों के मौजूदगी की सूचना पर 7 फरवरी को लगभग 48 घंटे पहले डीआरजी बीजापुर के अलावा बस्तर फाइटर व एसटीएफ की संयुक्त बल के 650 जवानों को आपरेशन में रवाना किया गया था। रविवार सुबह 8 बजे से दोपहर 3-4 बजे तक लगभग 7 घंटे नक्सलियों व सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग होती रही। फायरिंग बंद होने के बाद सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से 11 महिला व 20 पुरुष वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद किए हैं। इसके अलावा भारी संख्या में अत्याधुनिक हथियार व विस्फोटक भी बरामद किया गया है। पहली बार लगातार 7 घंटे से अधिक समय तक चली मुठभेड़ को देखते हुए रिइनफोर्समेंट के लिए डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर व सीआरपीएफ के अतिरिक्त बल को रवाना करना पड़ा। देर शाम फायरिंग बंद होने के बाद संयुक्त सुरक्षाबल जिला मुख्यालय बीजापुर लौटने लगे हैं। वहीं शहीद जवानों के शवों को भी जिला मुख्यालय लाया जा चुका है।



31 नक्सलियों के शव, पहचान बाकी

### मारे गए माओवादियों के शवों की शिनाख्त जारी

बीजापुर एसपी डॉ जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के शवों के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शवों की शिनाख्त के लिए नेशनल पार्क एरिया कमेटी के सरेंडर नक्सलियों व ग्रामीणों की मदद ली जा रही है। मुठभेड़ में और अधिक नक्सलियों के घायल या मारे जाने की संभावना को देखते हुए आसपास के क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जाएगी।

4 अक्टूबर को भी मारे गए थे 31 नक्सली


हरिभूमि
अब तक... 31
इससे बड़ा एनकाउंटर आज तक नहीं
पांच साल में नक्सलियों व सुरक्षाबलों के बीच 449 मुठभेड़, मारे गए 358 वर्दीधारी
फिर मार गिराए आठ नक्सली, उनके ठिकानों से इंसास, बीजीएल लांचर, कई हथियार बरामद
फोर्स ने मार गिराए 10 नक्सली, मिलिट्री इंचार्ज मड़काम मासा भी मारा गया

### अब तक 65 वर्दीधारी ढेर, जवानों का बलिदान संकल्प के लिए प्रेरणा

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुए वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किए जाने के परिणामस्वरूप विगत 40 दिनों में कुल 65 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके है। सरकार की मंशानुसार और जनता की इच्छानुसार बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाईटर, ▶▶| शेष पेज 6 पर

ये हुए शहीद




नरेश कुमार ध्रुव



वसित रावटे

### मुठभेड़ में दो जवान शहीद, दो घायल

7 घंटे तक चली मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए तथा दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। शहीद जवानों में डीआरजी के प्रधान आरक्षक नरेश ध्रुव निवासी भाटापारा जिला बलौदाबाजार तथा एसटीएफ के कांस्टेबल वासित रावटे निवासी जिला बालोद शामिल हैं। दोनों के पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय बीजापुर लाया गया है, गार्ड ऑफ ऑनर के बाद दोनों जवानों के शव को गृहग्राम रवाना किया जाएगा। वहीं मुठभेड़ में दो जवान डीआरजी के जग्गू कलमू तथा ▶▶| शेष पेज 6पर



### *शाह बोले-31 मार्च 2026 तक समाप्त कर देंगे नक्सलवाद*

*नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों का खात्मा कर दिया जाएगा। देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान नहीं गंवानी पड़ेगी। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा 31 नक्सलियों को मार गिराने के बाद शाह ने यह बात कही। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन* ▶▶| शेष पेज 6 पर



### *सीएम ने कहा, मार्च 2026 तक नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़*

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता को नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य के लिए एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि बस्तर अब गनतंत्र से गणतंत्र की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह जी के कुशल नेतृत्व को इस सफलता की बुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक हमारा प्रदेश नक्सलवाद मुक्त* ▶▶| शेष पेज 6 पर



### *बीजापुर में सुरक्षाबलों का अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन*

*उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि बीजापुर के नेशनल पार्क वाले क्षेत्र में सुरक्षा कैम्पों से 650 से अधिक जवानों ने ऑपरेशन लॉन्च किया था। बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए बड़े ऑपरेशन में 31 वर्दीधारी नक्सली मारे गए हैं। इस अभियान में एके-47, इंसास* ▶▶| शेष पेज 6 पर


## खबर संक्षेप

### महाकुंभ में आज डुबकी लगाएंगी राष्ट्रपति



**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज के महाकुंभ में सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू डुबकी लगाएंगी। मुर्मू आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी। वे अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

### वैष्णो देवी मंदिर के पास शराब-मांसाहार बैन



**जम्मू।** माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर कटरा में शराब और मांसाहार की बिक्री और उपभोग पर लगे प्रतिबंध को दो माह के लिए बढ़ा दिया है। मंदिर तक जाने वाले 12 किलोमीटर लंबे मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में यह प्रतिबंध लागू रहेगा।

### ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश नाकाम, जांच शुरु



**रायबरेली।** रायबरेली में रेलवे स्टेशन के समीप चंपा देवी मंदिर के पास पटरी पर पत्थर रखकर ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश नाकाम हो गई। समय रहते लोको पायलट ने आपातकालीन ब्रेक लगा दी। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस और राजकीय रेलवे पुलिस को दी गई।

बड़ा बदलाव

### यूपीएससी आवेदन अब 18 तक, सुधार का मौका भी

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 फरवरी तक बढ़ा दी है। आवेदन के बाद सुधार का भी मौका मिलेगा। इससे पहले परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 फरवरी शाम 6 बजे तक थी। यूपीएससी द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा तीन चरणों में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

#### आवेदन की तिथि बढ़ी आगे

आयोग की वेबसाइट पर जारी एक नोट में कहा गया है कि सिविल सेवा (प्रारंभिक)-2025 और भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक)-2025 परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 फरवरी शाम 6 बजे तक बढ़ा दी गई है। इस बात की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर जारी एक नोट में दी गई है।

रायगढ़ के पुसौर इलाके के रहने वाले थे मृतक

## बोलेरो-ट्रेलर की टक्कर, कुंभ से लौट रहे चार श्रद्धालुओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेले से गंगा स्नान कर वापस घर लौट रहे बोलेरो सवार 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं 6 लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ने घायलों से बातचीत करके उनके बेहतर उपचार की व्यवस्था कराई है। घटना रविवार सुबह करीब 5 बजे यूपी के सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र अंतर्गत दरनखाड मे घटित हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले सूरजपुर के ▶▶| शेष पेज 6 पर



### सीएम साय और योगी ने जताया दुख

हादसे को लेकर छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, सीएम योगी ने घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

पहली बार दो सेना प्रमुखों ने एक साथ भरी उड़ान

## एयर चीफ ने उड़ाया तेजस, को-पायलट बने आर्मी चीफ

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल ए.पी. सिंह और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को एक साथ एक ही लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। वायुसेना और थलसेना प्रमुख ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में यह उड़ान भरी है। यह पहला अवसर है जब दोनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक साथ स्वदेशी लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। तेजस देश में ही बना सिंगल इंजन लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट है। इस दौरान वायुसेना प्रमुख पायलट और थलसेना प्रमुख को-पायलट सीट पर थे।

वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल ए.पी. सिंह ने जनरल उपेंद्र द्विवेदी के ▶▶| शेष पेज 6 पर





### रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन

मित्र देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत, 'ब्रिज- अंतर्राष्ट्रीय रक्षा वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से सुगम बनाना' विषय पर रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह गतिशील भू-राजनीतिक स्थितियों और आपसी समृद्धि के मार्ग को समाहित करता है, जिसे सुरक्षा और विकास के साझा दृष्टिकोण वाले देशों के बीच सहयोग के माध्यम से जोड़ा जा सकता है।

### वायुसेना प्रमुख ने निभाया वादा

यहां एयरो इंडिया की शुरुआत से ठीक एक दिन पहले सेना प्रमुखों की इस संयुक्त उड़ान से विश्व के प्रभावशाली देशों में भारतीय सेनाओं के मिलकर काम करने, प्रगति और बढ़ती ताकत का संदेश गया है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने हाल ही में कहा था कि वायुसेना प्रमुख ने उनसे वादा किया है कि वे जब तेजस उड़ाएंगे तो मुझे भी साथ ले जाएंगे। रविवार को एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने अपना यह वादा पूरा किया।

MushroomAD
Mushroom Soup Powder
हेल्थी बॉडी, कॉन्फिडेंस रेडी
लाखो ग्राहकों का विश्वास




भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला मशरूम उत्पाद
मशरूम के प्राकृतिक गुणों से भरपूर

- भूख व वजन बढ़ाने में सहायक
- दुबलेपन को दुर करने में सहायक
- प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक
- गैस तथा एसिडीटी के लिए भी लाभदायक
- उर्जावान बनाने व कॉन्फिडेंस बढ़ाने में सहायक
- कमजोरी हटाने व नया खुन बनाने में सहायक



सभी मेडिकल्स में उपलब्ध. For More details Trade Enquiry 9373556677, 9823286830
SS - पंकज मेडीकोज, बिलासपूर -6261187686, विश्वनाथ फार्मा, राजनांदगाव- 9406265404

## चिंतन

# दिल्ली चुनाव के नतीजे में 'आप' के लिए सबक

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार आंदोलन से उभरे नेता अरविंद केजरीवाल की महत्वाकांक्षी राजनीति के अंत के साथ सबक है। 27 वर्ष वाद दिल्ली प्रदेश में कमल खिला है। यह भाजपा के धैर्य, जूझारू राजनीति, सांगठनिक क्षमता, पीएम नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और विकासोन्मुख समावेशी सियासत की जीत है। कांग्रेस की पराजय उसके वजूद के लिए संकट बन सकती है। बिना सीएम चेहरे के भाजपा ने आप के प्रमुख चेहरा अरविंद केजरीवाल को करारी शिकस्त दी है। आप की भी हार हुई और केजरी भी हारे। आप के अन्य दिग्ग्ज नेता मनीष सिसोदिया, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज, सतेंद्र जैन, राखी बिड़लान, अवध ओझा भी हार गए। दिग्गजों की हार दर्शाती है कि जनता में आम आदमी पार्टी के खिलाफ कितना आक्रोश था। भारतीय राजनीति की खासियत है कि वह कभी भी 'अति' को सहन नहीं करती है। चाहे इंदिरा गांधी की राजनीति हो या अभी अरविंद केजरीवाल की राजनीति, जनता के अपना संदेश दिया। दिल्ली में हार अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी आप के लिए सही मायने में राजनीतिक यात्रा शुरू करेगी। पार्टी बनने के बाद आप ने सीधे सत्ता का स्वाद चखा। पार्टी को अपने राजनीतिक लक्ष्य के लिए कभी सड़क पर संघर्ष नहीं करना पड़ा। आंदोलन के बाद बने जनमत का आम आदमी पार्टी ने फायदा उठाया था। नई राजनीति के नाम पर दिल्ली के लोगों ने भरोसा किया। सेवक से येनकेन प्रकारेण सत्ताजीवी बनने की महत्वाकांक्षा अरविंद व उनके सिपहसलाहकारों को ले डूबी। दिल्ली विधानसभा का यह चुनाव आप के लिए बड़ा सबक है कि केवल फ्रीबिज और खोखले बयानों व सनसनीखेज आरोपों के भरोसे लंबे समय तक राजनीति नहीं की जा सकती है। अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक अस्तित्व के लिए भी यह हार जरूरी सबक साबित होगी। या तो वे सीखेंगे व टिकेंगे या बोरिया बिस्तर समेट लेंगे। दिल्ली की जनता ने जिस उम्मीद व भरोसे के साथ नई नवेली पार्टी आप को सिर-आंखों पर बिठाया था और केजरीवाल को मौका दिया था, वे इस उम्मीद व भरोसे को कायम नहीं रख सके। भ्रष्टाचार के खिलाफ बनी पार्टी अंततः भ्रष्टाचार के आरोपों में सन कर सत्ता से बेदखल हो गई। केजरीवाल की 'मैं' शैली की राजनीति के चलते उनके बहुमूल्य योग्य साथी अलग हो गए। पार्टी के अंदर लोकतंत्र नहीं पनप सका। परिवर्तन लाने के मकसद से राजनीति में आने वाले लोग निराश हुए और अंत में दिल्ली की जनता के केजरीवाल के 'मैं' का अंत भी कर दिया। आज केजरीवाल अगर पीछे मुड़कर ईमानदारी से देखेंगे तो पता चलेगा कि वे जितना पाए, उससे अधिक उन्होंने खोया है। राजनीति जोड़ने का काम है, तोड़ने का नहीं। केजरीवाल अपने ही लोगों को सहेज कर नहीं रख सके। अपने पहले कार्यकाल के बाद केजरीवाल ने कभी भी शासन पर फोकस नहीं किया। केंद्र से टकराते रहे, एलजी से उलझे रहे, कोर्ट-कोर्ट खेलते रहे, एक के बाद एक आरोप मढ़ते रहे। कामकाज पर फोकस नहीं होने से दिल्ली के लोग पेयजल, स्वच्छ हवा, बिजली आपूर्ति, खराब सड़कें, बसों की किल्ल्त, कूड़े के ढेर, यमुना की गंदगी, खराब स्वास्थ्य सेवा आदि से जूझते रहे। इसलिए आप के फ्रीबिज भी काम नहीं आए। उम्मीद की जानी चाहिए कि दिल्ली में भाजपा सरकार विकसित दिल्ली के लिए काम करेगी, राष्ट्रीय राजधानी की जरूरतों को पूरा करेगी, इन्फ्रास्ट्रक्चर को संवारेगी और अपने चुनावी वादे पूरा करेगी। आम आदमी पार्टी भी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

दिल्ली चुनाव
डॉ. चन्द्र त्रिखा



# केजरीवाल युग के अंत की शुरुआत!

तो क्या यह मान लिया जाए कि 'केजरीवाल के राजनीतिक दर्शन' को जनादेश ने पूरी तरह नकार दिया? दिल्ली में चौथी बार सरकार बनाने के स्वप्न बिखर जाने के बाद अब केजरीवाल व उनकी पार्टी का भविष्य कैसा रहेगा, फिलहाल निश्चित नहीं है। लेकिन यह निश्चित है कि इस देश का विशाल जनमत अब घृणा, हिकारत और कड़वाहट की राजनीति पसंद नहीं करता। वैसे पूरे विश्व में इन दिनों नकारात्मकता का प्रदूषण फैला है। इन दिनों कहीं भी किसी भी क्षेत्र में ताज़ी हवा नहीं बह रही। जले-भुने राजनेता, जले-भुने टीवी एंकर, जले-भुने प्रवक्तागण, गली सड़ी भाषा का पथराव। किसी भी प्रमुख नेता के चेहरे पर कोई दमक या ऊर्जा दिखाई नहीं देती। मेरी प्रपौत्री की उम्र 6 वर्ष है। पूछती है बड़े दादा। ये नेतागण कभी मुस्कराते या हंसते क्यों नहीं? राहुल गांधी, सोनिया, योगी आदित्यनाथ, केजरीवाल, मल्लिकार्जुन खड़गे को तो कभी किसी ने मुस्कराते भी नहीं देखा। यही शिकायत गृहमंत्री से भी हो सकती है। यही स्थिति विश्व पटल पर भी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन, अमेरिकी-बॉस ट्रम्प, जेलेंस्की, शाहबाज़ शरीफ कोई भी तो संतुलित या खिलाखिला दिखाई नहीं देता।

बकौल दुष्यंत कुमार 'अब किसी को भी नज़र आती नहीं कोई दरार/ घर की हर दीवार पर/ चिपके हैं इतने इश्तिहार, रोज़ अखबारों में पढ़कर यह ख्याल आया हमें/इस तरफ आती तो हम भी देखते फसलें बहार'। यानि कहीं भी राहत, संतुष्टि वाली या सुखद हवा नहीं बहती दिखाई देती है। अब ऐसी शख्सियतों को हम अपना आदर्श नायक भी कैसे मानें? कुछ प्रश्नों के कोई उत्तर मिल ही नहीं पाते। इस प्रश्न का कोई उत्तर नहीं मिलेगा कि आखिर सादगी, पारदर्शिता और निष्कलंकता की प्रतिमूर्ति बने अरविंद केजरीवाल ने अपने आवास पर इतना खर्च कैसे करवा डाला? इस प्रश्न का भी उत्तर नहीं मिलेगा कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब गाज़ा पर क्यों कब्ज़ा करना चाहते हैं? आरोप यह भी है कि ट्रम्प मूल रूप से रियल एस्टेट कारोबारी भी हैं और कॉलोनाइजर्स भी, इसलिए टॉवर निर्माण में उनकी दिलचस्पी कुछ ज्यादा ही है। विश्वभर में उनकी सम्पत्तियां व आवासी टॉवर फैले हैं। यहां तक कि भारत में भी गुरुग्राम व पुणे में उनके टॉवर हैं। इन दोनों में फ्लैटों की कीमतें करोड़ों में हैं। आखिर अब्राहम लिंकन, रुज़वेल्ट, कैनेटी व ओबामा जैसे आदर्श राष्ट्रपतियों के वारिस ट्रम्प इतने बड़बोले, रुखे, लोभी व संवेदनशील क्यों हैं? स्थिति रूस व चीन में भी अच्छी नहीं है।

टालस्टाय, गोर्की, चेखव, तुर्गदेव और सोल्ज़ेनित्सिन वाला रूस बरसों से एक ऐसे नेता की मुट्ठियों में जकड़ा है जो मूल रूप से एक जासूस है। पुतिन की पृष्ठभूमि कभी भी एक जुझारू महानायक वाली नहीं रही। उन्होंने अपने ही देश में अपने प्रतिद्वंद्वियों को चुन चुनकर ठिकाने लगाया है। अब अपने देश को एक ऐसे देश के खिलाफ युद्ध में झोंके हुए है जो कभी सोवियत संघ का ही एक सदस्य देश था। अब पुतिन पुराने सोवियत संघ की बहाली का सपना भी देखने लगे हैं। वे चाहते हैं कि वे सभी देश, जो पहले सोवियत संघ का अंग थे, वापस उसी तरह के नए-नए राष्ट्र के रूप में उभरकर आएं ताकि नया सोवियत संघ अपनी पुरानी गरिमा बहाल कर सके। उधर, ट्रम्प महोदय, गाज़ा-पट्टी पर कब्जे के इलावा एक और रोडमैप बिछाने में लगे हैं। उन्होंने अपने अटार्नी जनरल को आदेश दिया है कि अमेरिका में चर्च-विरोधी तत्वों का भी सफाया किया जाए। यानि वह ईसाइयत की बहाली चाहते हैं। ट्रम्प कहते हैं, 'मैं 'गॉड' को वापस लाना चाहता हूं ताकि देश को उनकी शरण में रहने का अवसर मिले'। ट्रम्प 'गॉड' को फिर से क्यों बुलाना चाहते हैं, यह स्पष्ट नहीं है। यानि चारों ओर 'सनक' का साम्राज्य फैलता जा रहा है। 'आदर्श नायक' नाम की कोई भी प्रजाति किसी भी देश में दिखाई नहीं देती। लेकिन इस सारे अराजक माहौल में हमारा महाकुम्भ सभी तरह की आलोचनाओं के बावजूद पूरी तरह से समापन की ओर बढ़ता दिखाई देता है। महाकुम्भ के आयोजन में जहां एक ओर शाही संगम स्नान अपनी छटा बिखेर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर 'एआई' अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी धूम है। बाबाओं, साधुओं, महामण्डलेश्वरों के झोलों में उनके 'लैपटॉप' हैं और साथ ही साथ अत्याधुनिक 'गैजेट्स' से सम्पन्न संयंत्र भी। फिलहाल यह सही-सही अनुमान लगाना भी सम्भव नहीं है कि हम ऐसे माहौल में किस दिशा की ओर अग्रसर हैं। क्या विश्व-शांति की परिकल्पना समाप्त होने को है? इस अराजकता के माहौल में हम 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के आदर्श को बहाल कैसे कर पाएंगे?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
योगेश कुमार गोयल

भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे। भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई? दिल्ली में आप सरकार के लंबे समय तक सत्ता में रहने से जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिस कारण मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया।

# भाजपा की सुनामी में बह गई 'आप'!

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थी जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है।

27 साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार कुल 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी और अब जाकर दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के लिए नाक का बहुत बड़ा सवाल था लेकिन भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई? दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने, दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसा बनाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जैसे जो तीन प्रमुख वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे एक दशक में भी पूरे नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह इत्यादि पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनकी गिरफ्तारी ने पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को कमजोर किया। खासतौर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और बाद में उनके इस्तीफे के कारण पार्टी के नेतृत्व में अस्थिरता आई और केजरीवाल की विश्वसनीयता में बड़ी कमी आई। केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए थे लेकिन शीशमहल के मुद्दे पर वे स्वयं 'वीआईपी कल्चर' के मुद्दे पर बुरी तरह घिर गए थे। भाजपा-कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आप को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो ली ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली।

पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में बड़ा योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। इसके अलावा नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने कार्यकर्ताओं




और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं में मुफ्त सेवाओं की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति' कहकर आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बताया। इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में आई समस्याओं ने जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई, जिससे 'आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढ़ांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी थी। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि वह सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को जारी रखेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी। विपक्ष और खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा भाजपा का मुखर प्रचार आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना। भाजपा ने आप सरकार की तमाम कमजोरियों को उजागर करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भाजपा ने सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थी लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन नहीं होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका, जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने के फैसले ने आप की रणनीतिक कमजोरी को उजागर किया और विपक्षी एकता की कमी का स्पष्ट संकेत दिया। इसका भी दिल्ली के मतदाताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आप' को ऐसी 'आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया, जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया, उससे मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बड़े-बड़े दावों के बीच शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के छींटे, केजरीवाल की तानाशाहीपूर्ण नेतृत्व शैली, उनका अड़ियल रवैया, इस तरह की बातों से मतदाताओं का केजरीवाल से मोहभंग होता गया और भाजपा एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरती गई। छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में जहरीले झाग की समस्या, आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने देना, बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों ने पूर्वांचली समुदाय में असंतोष बढ़ाया। इस उपेक्षा के कारण इस समुदाय का समर्थन आप से हटकर अन्य दलों की ओर गया और इसका नुकसान आप को भुगतना पड़ा। कुल मिलाकर, केजरीवाल की कथनी और करनी के बीच बड़ा अंतर आप की हार का बड़ा कारण रहा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही इस मुद्दे पर आप को घेरा, जिसने आप की लुटिया डुबोने में बड़ी भूमिका निभाई।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# आत्मसंयमी होना व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
**दर्शन**

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

# आखिर कर्म ही महान



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके निःशुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं। *- साकेत अग्रवाल, महासमुंद*

## ट्रेंड

### हमारी गारंटी



दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### साक्षी बनने को उत्सुक



द्विवार्षिक एयरो-इंडिया के 15वें संस्करण में भाग लेने के लिए बेंगलुरु के लिए रवाना हो रहा हूं। यह आयोजन अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों और वैश्विक विमानन उत्कृष्टता का प्रदर्शन करेगा। एयरोस्पेस क्षेत्र के 'भविष्य' का साक्षी बनने को उत्सुक हूं।"
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### जनादेश स्वीकार



दिल्ली का जनादेश विनम्रता से स्वीकार करते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और सभी मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद। प्रदूषण, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिल्ली वासियों के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी।
**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### आपातकालीन व्यवस्था



प्रयागराज महाकुंभ में फँसे करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए तुरंत आपातकालीन व्यवस्था की जाए। हर तरफ़से जाम में भूखे, प्यासे, बेहाल और थके तीर्थयात्रियों को मानवीय दृष्टि से देखा जाए।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

## करंट अफेयर

# तीन देशों की साझेदारी उ. कोरिया के लिए खतरा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि दक्षिण कोरिया और जापान से अमेरिका की सुरक्षा साझेदारी बढ़ने से उत्तर कोरिया के सामने गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। किम ने साथ ही अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का संकल्प जताया है। सरकारी मीडिया में रविवार को आईं खबरों में यह जानकारी दी गई। किम पहले भी ऐसी चेतावानियां दे चुके हैं। उनके ताजा बयान से यह संकेत मिलता है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उनसे मुलाकात करने और कूटनीति को पुनर्जीवित करने की पेशकश को निकट भविष्य में स्वीकार नहीं करेंगे। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' के अनुसार शनिवार को कोरियाई पीपुल्स आर्मी की 77वीं स्थापना दिवस के अवसर पर दिए गए भाषण में किम ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की तरह क्षेत्रीय सैन्य संगठन बनाने की अमेरिकी साजिश के तहत स्थापित अमेरिका-जापान-दक्षिण कोरिया त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी कोरियाई प्रायद्वीप में सैन्य असंतुलन पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, यह साझेदारी हमारे देश के सुरक्षा हालात के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर रही है।



## ऑफ बीट

# लू के दौरान ठंडक बनाए रखने में पेड़ मददगार

लू दुनिया के सबसे घातक मौसमी खतरों में से एक है। हर साल, बड़ी संख्या में लोग भीषण गर्मी के कारण मर जाते हैं। दुर्भाग्यवश, शहरों में कोलतार की सड़कें, ईंट और कंक्रीट की संरचनाएं और छत की टाइल भारी मात्रा में गर्मी को अवशोषित करके उसे बनाए रख सकती है, जिसका अधिकांश हिस्सा सूर्योदय के बाद उत्सर्जित होता है। इससे शहरों में तापमान आसपास के इलाकों या ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक हो सकता है जिसे 'शहरी ताप द्वीप प्रभाव' के रूप में जाना जाता है। पेड़ और हरियाली शहरी तापमान को कम कर सकते हैं लेकिन इन विशाल शीतलन प्रभावों को प्राप्त करने के लिए उन्हें मिट्टी से पानी खींचने में सक्षम होना चाहिए। दूसरे शब्दों में, कभी-कभी गर्मी के दौरान अपने पेड़ों को पानी देना मददगार हो सकता है। पेड़ दो महत्वपूर्ण तरीकों से शहरी तापमान को कम करते हैं। एक तो वे छाया प्रदान करते हैं और दूसरा उनके शीतलन प्रभाव के माध्यम से। पानी पौधे की जड़ों के माध्यम से अंदर जाता है, तने से होकर गुजरता है और फिर पत्तियों से स्टोमेटा नामक छोटे छिद्रों के माध्यम से हवा में मिल जाता है। पानी मिट्टी और अन्य सतहों से भी वाष्पित हो सकता है। पौधों और मिट्टी से पानी के संयुक्त नुकसान को वाष्पोत्सर्जन कहा जाता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

बिलासपुर
सोमवार, 10 फरवरी 2025
माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष: 24, अंक: 319
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य: 5.00***

मौसम
अधि. 32.4
न्यून. 12.6

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



4 ला लिगा : एमबाप्पे और अल्वारेज ने दागे ...

विचार पेज
भाजपा की सुनामी में बह गई 'आप'!



# महाकुंभ में 10 घंटे फंसे रहे श्रद्धालु, संगम स्टेशन अगले आदेश तक बंद

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। महाकुंभ को शुरू हुए 26 दिन हो चुके हैं। अब तक 42 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं।

महाकुंभ में रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। संगम पहुंचने के सभी रास्तों में 10 से 15 किमी लंबा जाम लगा रहा। जगह-जगह गाड़ियां फंसी रहीं। भारी भीड़ को देखते हुए संगम स्टेशन को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया।

प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को काबू करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान भी लागू किया गया। वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा से प्रयागराज आने और जाने वाले रास्तों पर गाड़ियों की करीब 10-10 किलोमीटर की लंबी कतारें लगी रहीं।

## 26 दिन में 42 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

### शहर की गलियों में भी जाम

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य सड़कों पर तो हालात खराब हैं ही साथ ही शहर की गलियों में भी जाम है। महाकुंभ में वीकेंड भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र के पुलो पर प्रतिबंध लागू किया गया। जाम से लोग इतना परेशान हो गए हैं कि उनकी और पुलिस की कई जगहों पर नोंकझोंक तक हो गई है। साथ ही मेला क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क भी ध्वस्त हो गया है।

### प्रयागराज जंक्शन पर वन डायरेक्शन मूवमेंट

महाकुंभ में आने वाले लोगों की बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए प्रयागराज जंक्शन पर अग्रिम आदेश तक वन डायरेक्शन मूवमेंट लागू रहेगा। रेलवे डिवीजन के पीआरओ अमित सिंह के मुताबिक, मुख्य स्नान पर्वों के दौरान की गई व्यवस्था के समान प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर एक पर शहर की तरफ से ही एंट्री की इजाजत होगी। वहीं, एग्जिट सिविल लाइंस की तरफ से प्लेटफार्म नंबर 6 और 10 से होगा। पीआरओ अमित सिंह ने आगे बताया कि तीर्थयात्रियों को केवल कलर कोडेड टिकट के जरिए ही प्लेटफॉर्म तक पहुंचने की इजाजत होगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ई-सेवा केंद्र के संचालकों पर जालसाजी का केस




**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में स्थित एक 'ई-सेवा केंद्र' के दो संचालकों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को जाली आय प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। 'ई-सेवा केन्द्र' में लोग विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### मजदूरों पर गिरा ट्रक, बच्चे और तीन महिलाओं की मौत



**पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले में रेत से भरा एक डंपर ट्रक पलट कर मजदूरों के एक समूह पर गिर गया, जिससे तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रेणुकाबेन गनावा (24), सोनलबेन निनामा (22), इलाबेन भाभोर (40) और रुद्र (2) के रूप में हुई है।

### 14 'एक्स' एकाउंट के खिलाफ प्राथमिकी



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ नगर की पुलिस ने सोशल मीडिया पर महाकुंभ से जुड़े भ्रामक पोस्ट और अफवाह फैलाने वाले 14 'एक्स' एकाउंट की पहचान कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। 'एक्स' अकाउंट से झारखंड के धनबाद के एक वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुंभ प्रयागराज का बताकर यह अफवाह फैलाई जा रही है।

### छात्र ने घर पर ही खोल रखी थी हथियारों की फैक्ट्री



**चंडीगढ़।** जालंधर में कमिश्नरेट पुलिस ने हैरान कर देने वाले मामले का खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच टीम ने 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक नाबालिग को देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। वह अपने घर में ही देसी कट्टे बनाने का धंधा करता था और फैक्ट्री खोल रखी थी।

### श्रद्धा वालकर के पिता का निधन



**मुंबई।** दिल्ली में 2022 में निर्मम हत्या के कारण सुर्खियों में आई श्रद्धा वालकर के पिता विकास वालकर का पालघर जिले के वसई शहर में स्थित उनके घर पर निधन हो गया। विकास वालकर को उनके परिवार के सदस्यों ने सुबह बेहोश पाया, जिसके बाद उन्हें निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### अंतिम दिन मुख्यमंत्री साय ने दुर्ग तो पूर्व सीएम भूपेश ने पाटन में किया रोड शो

# चुनाव प्रचार का थम गया शोरगुल, अंतिम दिन झोंकी ताकत, अब डोर-टू-डोर करेंगे प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव का चुनावी शोरगुल थम गया। रविवार को नगरीय निकाय चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी के नेताओं ने चुनावी प्रचार के लिए आखिरी दिन पूरी ताकत झोंक दी। प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए 11 फरवरी को मतदान होना है। इससे पहले रविवार से चुनावी शोरगुल थम गया। अब प्रत्याशी केवल डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर सकेंगे।

आखिरी दिन जहां बीजेपी ने पूरी ताकत लगाई तो वहीं कांग्रेस भी पीछे नहीं रही। सीएम विष्णुदेव साय अलग-अलग निकायों में प्रचार किए तो वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए प्रचार करते नजर आए। राजधानी रायपुर में भाजपा और कांग्रेस के महापौर प्रत्याशियों ने अलग-अलग प्रचार किया। पार्षद प्रत्याशियों ने वार्ड में अंतिम दिन रैली निकालकर अपने समर्थन में वोट करने की अपील मतदाताओं से की। वार्डों में अंतिम दिन प्रचार के बाद अब वे घर-घर ⏭ शेष पेज 6 पर

## राजधानी रायपुर समेत निकायों में प्रत्याशियों ने लगाया जोर



### साय का दुर्ग और धमतरी रोड शो

नगरीय निकाय चुनाव प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन कई दिग्गज नेता अपने-अपने क्षेत्रों ताकत झोंकी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धमतरी और दुर्ग में रोड शो और सभाएं कीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने दुर्ग में दोपहर 2.30 बजे से शाम 6 बजे तक रैली निकालकर भाजपा के महापौर और पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार एवं पार्षद प्रत्याशियों के लिए बस स्टैंड से महाराजा चौक तक रोड शो किया।

### मैदान में उतरे इतने प्रत्याशी


| | |
|---|---|
| कुल निकाय | 173 |
| कुल प्रत्याशी | 10,069 |
| महापौर पद के प्रत्याशी | 79 |
| अध्यक्ष पद के प्रत्याशी | 606 |
| पार्षद प्रत्याशी | 1889 |

### भूपेश ने पाटन, बैज ने जगदलपुर में किया रोड शो

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने विधानसभा क्षेत्र के कुम्हारी में नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रामप्यारी थनेश पटेल और नगर पंचायत पाटन में लक्ष्मीनारायण पटेल के लिए रोड शो एवं सभाएं कीं। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जगदलपुर में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए नुक्कड सभाएं और रोड शो कर वोट मांगा।



# आखिरकार मणिपुर के सीएम बीरेन का इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की और मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंपा। आज ही उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। लंबे समय तक राज्य में हुई हिंसा के कारण वह आलोचना का सामना कर रहे थे। पार्टी के कई विधायक भी उनसे नाराज चल रहे थे। भाजपा सूत्रों के अनुसार, करीब 12 विधायक नेतृत्व परिवर्तन के लिए जोर दे रहे थे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्य में अपनी नेतृत्व क्षमता को लेकर भाजपा में बढ़ते असंतोष को शांत करने के लिए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

- भाजपा विधायकों में असंतोष, स्पीकर से मतभेद

### इस्तीफा क्यों?

भले ही कॉनराड संगमा की नेशनल पीपल्स पार्टी ने समर्थन वापस ले लिया था, फिर भी भाजपा के पास बहुमत के लिए पर्याप्त संख्या बल था। लेकिन पार्टी के कुछ विधायकों ने नेतृत्व परिवर्तन की मांग उठाई थी। यदि फ्लोर टेस्ट होता, तो इन असंतुष्ट विधायकों द्वारा पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने की संभावना थी, जिससे सरकार को संकट का सामना करना पड़ सकता था। इस स्थिति से बचने के लिए, मुख्यमंत्री ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा के बाद इस्तीफा देने का फैसला किया।

### दिल्ली में शाह और नड्डा से की मुलाकात

एन बीरेन सिंह आज सुबह ही दिल्ली पहुंचे थे, जहां उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस बैठक में राज्य की राजनीतिक स्थिति और संभावित विकल्पों पर चर्चा की गई। भाजपा सूत्रों के अनुसार, करीब 12 विधायक नेतृत्व परिवर्तन के लिए जोर दे रहे थे, जबकि 6 विधायक तटस्थ रुख अपनाए हुए थे। इसके अलावा, स्पीकर और मुख्यमंत्री के बीच मतभेद भी एक महत्वपूर्ण कारण बताया जा रहा है।

### शाह से मिले नड्डा

# दिल्ली में सीएम के नाम पर भाजपा में मंथन शुरू

आनंद राणा ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर भाजपा हाईकमान ने मंथन शुरू कर दिया है। रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ दिल्ली में सरकार गठन को लेकर चर्चा की। शाह के सरकारी आवास पर नड्डा पहुंचे।

- केजरीवाल को धूल चटाने के बाद प्रवेश वर्मा सीएम पद के प्रबल दावेदार बनकर उभरे

सूत्रों का कहना है कि दोनों नेताओं के बीच दिल्ली में भाजपा की ⏭ शेष पेज 6 पर



### प्रवेश वर्मा सबसे मजबूत चेहरा

नई दिल्ली सीट पर अरविंद केजरीवाल को हराने के बाद प्रवेश वर्मा का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे मजबूत माना जा रहा है। नरेला से लेकर बदरपुर तक फैले दिल्ली देहात ने भाजपा को तगड़ा समर्थन देते 20 से ज्यादा सीटों पर जीत दिलाई है। देहात का इलाका पूर्व मुख्यमंत्री और प्रवेश वर्मा के पिता डॉ साहिब सिंह वर्मा की राजनैतिक कर्मभूमि रहा है। प्रवेश उसी विरासत को संभाल रहे हैं। दिल्ली देहात में भाजपा को साहिब सिंह ने ही पहली बार खड़ा किया था।

### दो महिलाएं और एक पुरुष गिरफ्तार

# 40 करोड़ की कोकीन तस्करी मामले में तीन विदेशी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 40 करोड़ रुपए मूल्य की कोकीन की तस्करी के आरोप में तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि ब्राजील की दो महिलाओं और केन्या के एक पुरुष को कोकीन से भरे कैप्सूल निगलने के आरोप में अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया है। पहले मामले में, 28 जनवरी को पेरिस के रास्ते साओ पाउलो से पहुंची 26 वर्षीय ब्राजीलियाई यात्री को रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पूछताछ के दौरान यात्री ने अधिकारियों को बताया कि उसने कैप्सूल छिपाए हैं। इसके बाद यात्री को चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया।



### अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क

सीमा शुल्क विभाग ने एक अलग पोस्ट में कहा, इस मात्रा को देखते हुए, यह स्पष्ट रूप से एक बड़े अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क का हिस्सा था, जो भारत में मादक पदार्थ भेजने की कोशिश कर रहा था। पोस्ट में कहा गया, हवाई अड्डे के सीमाशुल्क अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई के चलते 39.96 करोड़ रुपए मूल्य की लगभग 2.66 किलोग्राम कोकीन जब्त की गई।

### विदिशा में युवती की मौत, अचानक आया हार्ट अटैक

# शादी में डांस करते-करते गिरी, फिर नहीं उठ सकी

एजेंसी ⏭ विदिशा

मप्र के विदिशा में एक शादी समारोह में महिला संगीत के कार्यक्रम के दौरान मंच पर डांस करते-करते एक युवती की मौत हो गई। इंदौर निवासी परिणीता जैन विदिशा में अपनी बहन की शादी में शामिल होने आई थी। इसके साथ ही शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। ये घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। इसका वीडियो रविवार को सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि परिणीता (23) नाम की युवती ⏭ शेष पेज 6 पर

### भाई की हार्ट अटैक से हुई थी मौत

परिणीता के पिता सुरेंद्र कुमार जैन एवं माता बिंदु जैन है। पिता स्वस्तिका इन्वेस्टमेंट कंपनी में विजयनगर एरिया के ब्रांच हेड हैं। इंदौर के साउथ तुकोगंज में उनका घर हैं। परिणिता का एक जुड़वा छोटा भाई था, जिसकी 12 साल की उम्र में साइकिल चलाते समय अटैक से मौत हो गई थी।



**दुल्हन की बहन थी परिणीता :** विदिशा में जैन परिवार के दो चचेरे भाइयों की शादी हो रही थी। शादी समारोह में वर और वधु पक्ष के लोग एकत्रित हुए थे। एक वधु पक्ष के लोग गुना के आरोन जबकि दूसरे राघौगढ़ से आए थे, परिणीता राघौगढ़ पक्ष की ओर से आई थी। दुल्हन मृतका के मामा की लड़की है।

### शादी में चल रहा था संगीत कार्यक्रम

नाचते-नाचते अचानक गिरना, फिर मौत आ जाना काफी चिंता का विषय बन गया। अब विदिशा के मगधम रिसॉर्ट में एक शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गई। शादी में महिला संगीत में नाचते-नाचते अचानक से एक महिला गिरी और बेहोश हो गई। पहले तो लोगों को कुछ समय नहीं आया, जब कुछ देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो तुरंत वहां पर मौजूद लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।



## खबर संक्षेप



### कोल इंडिया का सीएसआर पर खर्च 36.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल पर खर्च चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 36.5 प्रतिशत बढ़कर 497 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी ने सीएसआर पर 364 करोड़ रुपये खर्च किए थे। अधिकारी ने बताया कि घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी सीआईएल अपने सीएसआर कोष का 70 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य सेवा, पोषण एवं स्वच्छता तथा शिक्षा एवं आजीविका पर खर्च करती है।

### फोर्टिस हेल्थकेयर का शुद्ध मुनाफा 89 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़कर 254.3 करोड़ रुपये हो गया है।



पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 134.23 करोड़ रुपये रहा था। फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड (एफएचएल) ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आमदनी 1,928.26 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,679.68 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसका कुल खर्च बढ़कर 1,695.62 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,515.58 करोड़ रुपये था।

# जुकरबर्ग की कंपनी में फिर बड़ी छंटनी, इस हफ्ते 3000 लोगों की जाएगी नौकरी

## मेटा प्लेटफॉर्म्स अगले सप्ताह छंटनी की योजना बना रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप की पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स अगले सप्ताह छंटनी की योजना बना रही है। एक आंतरिक मेमो के अनुसार, यह छंटनी सोमवार सुबह 5 बजे (अमेरिका समयानुसार) से शुरू होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार मेटा के हेड ऑफ पीपल जैनेल गेल द्वारा लिखे गए आंतरिक पोस्ट के अनुसार, अमेरिका सहित अधिकांश देशों में प्रभावित कर्मचारियों को सोमवार सुबह से नोटिस भेजे जाएंगे।

हालांकि, जर्मनी, फ्रांस, इटली और नीदरलैंड्स में कर्मचारियों को "स्थानीय नियमों" के कारण छंटनी से छूट दी गई है। अन्य देशों में 11 फरवरी से 18 फरवरी के बीच छंटनी की सूचना दी जाएगी। मेटा ने इस छंटनी या भर्ती प्रक्रिया को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### कम प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों की होगी छंटनी

मेटा ने पहले ही पुष्टि की थी कि वह अपने सबसे कम प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों में से लगभग 5 प्रतिशत की छंटनी करेगा। हालांकि, कुछ पदों को फिर से भरा जाएगा। गेल ने इन कटौतियों को "प्रदर्शन समाप्ति" कहा है। पिछली छंटनी के विपरीत, इस बार मेटा के कार्यालय खुले रहेंगे और छंटनी को लेकर कोई अतिरिक्त जानकारी साझा नहीं की जाएगी।




### मशीन लर्निंग इंजीनियरों की तेजी से भर्ती

इसी बीच, मेटा मशीन लर्निंग इंजीनियरों और अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया तेज कर रहा है। कंपनी के मोनेटाइजेशन डिवीजन के वीपी ऑफ इंजीनियरिंग, पेंग फैन द्वारा पोस्ट किए गए एक अन्य मेमो में कर्मचारियों से कहा गया कि वे 11 फरवरी से 13 मार्च के बीच तेजी से भर्ती प्रक्रिया में सहायता करें।

### 2022-23 के बाद की सबसे बड़ी छंटनी

वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी ने अपने कर्मचारियों की संख्या के लगभग एक चौथाई लोगों को नौकरी से निकाल दिया था। जिनकी संख्या 21 हजार थी। उसके बाद से अब कंपनी बड़ी संख्या में छंटनी करने जा रही है। जिन लोगों को नौकरी से निकाला जा रहा है उन्हें 10 फरवरी तक सूचित कर दिया जाएगा। कर्मचारियों को पहले से तय नियमों के अनुसार भत्ता भी दिया जाएगा।

## सरकार ने जुलाई 2024 में सोने पर से आयात शुल्क में कटौती की घोषणा की

# आयात शुल्क में कटौती के बाद सोने की तस्करी में आई उल्लेखनीय कमी : सीबीआईसी प्रमुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार द्वारा जुलाई, 2024 में बहुमूल्य धातु पर आयात शुल्क में कटौती के बाद से सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने यह बात कही है।

■ आयात शुल्क को घटाकर छह प्रतिशत किया गया

सरकार ने जुलाई, 2024 में सोने पर आयात शुल्क घटाकर छह प्रतिशत किया गया था। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सीमा शुल्क और डीआरआई अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून की अवधि में देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर 544 करोड़ रुपये मूल्य का 847 किलोग्राम सोना जब्त किया है।




### सीमा शुल्क 15 प्रतिशत रहा

जुलाई में, सरकार ने सोने पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया था। अग्रवाल ने कहा, पिछले साल के बजट में सोने पर शुल्क की दर कम किए जाने के बाद सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है।"

### वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी

हालांकि, अग्रवाल ने जब्त किए गए सोने की मात्रा या मूल्य का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात, सीमाओं और देश में आने वाले वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी रख रहे हैं।

### सीमा पर माल की मुफ्त आवाजाही

तस्करी, सीमा शुल्क या आयात या निर्यात प्रतिबंधों से बचने के लिए राष्ट्रीय सीमाओं के पार माल की गुप्त आवाजाही है। यह आमतौर पर तब होता है जब सीमा शुल्क इतना अधिक होता है कि तस्कर ऐसे उत्पादों को चोरी-छिपे लाकर अधिक लाभ कमा सकते हैं।

### 2023-24 में 1319 किलो सोना किया गया जब्त

सीबीआईसी के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) भारत में तस्करी-रोधी क्षेत्र में भारतीय सीमा शुल्क की शीर्ष एजेंसी है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, अकेले डीआरआई अधिकारियों ने 1,319 किलोग्राम सोना जब्त किया था। यह 2023-24 में सीमा शुल्क अधिकारियों सहित सीबीआईसी द्वारा जब्त किए गए 4,869.6 किलोग्राम सोने का हिस्सा है।

### 1922 लोगों की किया गया गिरफ्तार

वर्ष के दौरान सीबीआईसी द्वारा 1,922 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दिसंबर में जारी डीआरआई की भारत में तस्करी पर रिपोर्ट के अनुसार, भारत अवैध सोने के आयात का एक प्रमुख गंतव्य बन गया है। इसमें सोना और चांदी मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों से आते हैं, जहां ये धातुएं कम कीमतों पर उपलब्ध हैं।

### हवाई मार्ग से तस्करी प्रमुख माध्यम

भारत में हवाई मार्ग के माध्यम से सोने की तस्करी एक प्रमुख माध्यम है। पश्चिम एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देश पारंपरिक रूप से इसके मुख्य उद्गम स्थल रहे हैं। हाल ही में नैरोबी और अदीस अबाबा जैसे अफ्रीकी हवाई अड्डे, साथ ही ताशकंद जैसे हवाई अड्डे भी तस्करी के के लिए प्रमुख स्थान बनकर उभरे हैं।

# मारुति सुजुकी चार्जिंग बुनियाद करेगी मजबूत

## कंपनी जल्द ई-विटारा उतारने जा रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का लक्ष्य ई-विटारा को बाजार में उतारने से पहले देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अपने इस मॉडल को देश के परिवारों का प्रमुख वाहन बनाना चाहती है।

■ इस मॉडल को कंपनी परिवारों का प्रमुख वाहन बनाना चाहती है

वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ने बिक्री के बाद सहायता बढ़ाने, लीजिंग मॉडल लाने तथा ग्राहकों को मॉडल खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने को 'वित्तपोषण' के अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की भी योजना बनाई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने बातचीत में कहा, /"ग्राहकों के लिए सबसे बड़ी चिंता चार्जिंग के मामले में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की कमी है। इसलिए हम शीर्ष 100 शहरों में 10 किलोमीटर की दूरी पर फास्ट चार्जर लगाने की योजना बना रहे हैं।/" बनर्जी ने योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश में जितने भी इलेक्ट्रिक वाहन बिक रहे हैं, उनका अधिकांश हिस्सा यानी 97 प्रतिशत हिस्सा इन 100 शहरों से आ रहा है। बनर्जी ने कहा, "हमारा मानना है कि जो ग्राहक कार खरीदेगा वह शहर से बाहर भी जाएगा, इसलिए हम अपनी ई-विटारा को प्राथमिक कार बनाना चाहते हैं, न कि द्वितीयक कार।



### विटारा विदेशी बाजार में होगी निर्यात

एमएसआई ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में इलेक्ट्रिक एसयूवी का अनावरण किया था। ई-विटारा को पहले कुछ प्रमुख विदेशी बाजारों में निर्यात किया जाएगा और उसके बाद इसे भारत बेचा जाएगा।

## बीते सप्ताह अधिकांश तेल तिलहन की कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशों में आयातित खाद्य तेलों के दाम बढ़ने तथा आगामी त्योहारों की वजह से आवक घटने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने तथा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेलों में सुधार को बल मिला। बाजार सूत्रों ने कहा कि इन सबके अलावा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेल कीमतों में मजबूती रही। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह सोयाबीन डीगम तेल का भाव 1,085-1,090 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,110-1,115 डॉलर प्रति टन हो गया। इसी प्रकार 1,145-1,150 डॉलर प्रति टन वाले कच्चे पामतेल (सीपीओ) का भाव बढ़कर 1,170-1,175 डॉलर प्रति टन हो गया।

कंपनी का इरादा आधुनिक ई-रिक्शा बाजार में पेश करने का

# बजाज ऑटो चालू वित्त वर्ष के अंत तक ई-रिक्शा बाजार में उतरेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजाज ऑटो चालू वित्त वर्ष के अंततक घरेलू ई-रिक्शा बाजार में उतरने की तैयारी कर रही है। कंपनी का इरादा तेजी से बढ़ते, लेकिन काफी हद तक असंगठित ई-रिक्शा बाजार में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने विश्लेषकों को बताया कि कंपनी को अपने ई-रिक्शा के लिए चालू तिमाही के अंततक नियामकीय मंजूरी मिलने की उम्मीद है, जिससे वह इस क्षेत्र में उतर सकेगी। ई-रिक्शा बाजार फिलहाल मासिक 45,000 इकाई का है। शर्मा ने कहा, "इस वित्त वर्ष के अंततक हमारा इरादा एक आधुनिक 'ई-रिक्शा' पेश करने का है, जो इस खंड में बिल्कुल नया मानक स्थापित करेगा और मालिकों और यात्रियों दोनों को उच्च स्तर की संतुष्टि प्रदान करेगा।" उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा खंड तिपहिया खंड जितना ही बड़ा है और नए ई-रिक्शा से नया कारोबार उत्पन्न होना चाहिए।



### सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाएगी

समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा, "हमें इस तिमाही के अंततक, यानी चालू वित्त वर्ष के अंततक ई-रिक्शा पेश करने की उम्मीद है। उस समय तक हमें इसके लिए सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाएंगी। या हो सकता है कि यह अप्रैल के पहले सप्ताह तक आए। खुदरा बिक्री अप्रैल के पहले सप्ताह या मार्च के अंत तक भी शुरू हो सकती है।"

## मारुति सुजुकी ने आईटीबीपी को जिम्नी की 60 इकाइयां सौंपी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसने अपनी एसयूवी "जिम्नी" की 60 इकाइयां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) को सौंप दी हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में पहली बार इस मॉडल को शामिल किया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इन वाहनों को लेह-लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, "मारुति सुजुकी का सशस्त्र बलों के साथ पुराना संबंध है। कंपनी उन्हें ऐसे वाहन उपलब्ध कराती है जिन पर वे भरोसा कर सकते हैं।" उन्होंने कहा, "मारुति सुजुकी 'जिप्सी' दशकों से सशस्त्र बलों के लिए एक भरोसेमंद साथी रही है। अब जिम्नी के साथ हम सीमाओं पर अपने सैनिकों का समर्थन करने के लिए इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।"



# एफडीआई को बढ़ावा देने प्रक्रिया को आसान बनाने पर विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार देश में अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए कुछ क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को और आसान बनाने पर विचार कर रही है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

■ मानदंडों को आसान बनाने पर विचार किया जा रहा

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने विभिन्न सरकारी विभागों, नियामकों, उद्योग संघों, सलाहकार एवं कानूनी फर्मों, पेंशन कोषों, निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी कंपनियों के साथ हितधारक परामर्श आयोजित किया है। विभाग ने देश में एफडीआई को और अधिक आकर्षित करने के तरीकों पर उनके विचार मांगे। अधिकारी ने कहा, "हमने परामर्श पूरा कर लिया है। विभाग को विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्राप्त हुए हैं। अभी तक चीजों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है...प्रक्रियात्मक मोर्चे पर मानदंडों को आसान बनाने पर विचार किया जा रहा है।" हालांकि, अधिकारी ने यह नहीं बताया कि सरकार किन क्षेत्रों में प्रक्रियागत ढील देने पर विचार कर रही है। परामर्श में जिन मुद्दों को उठाया गया उनमें ई-वाणिज्य कंपनियों को केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए ऑनलाइन व्यापार के इन्वेंट्री-आधारित मॉडल में एफडीआई प्राप्त करने की अनुमति देना; लाभकारी स्वामित्व को परिभाषित करके प्रेस नोट-3 को आसान बनाना; तथा एकल-ब्रांड खुदरा व्यापार के लिए नीति में कुछ बदलाव करना शामिल था।




### भारत में निवेश सालाना आधार पर बढ़ा

इनमें से अधिकतम प्रवाह को आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में सेवा क्षेत्र, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दूरसंचार, व्यापार, निर्माण विकास, वाहन, रसायन और फार्मास्युटिकल्स शामिल हैं।

## नैबफिड चालू तिमाही में 30 हजार करोड़ जुटाएगी


**नई दिल्ली।** नैबफिड (राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजकिरण राय जी ने कहा है कि कंपनी देश में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए चालू तिमाही के दौरान 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, "हमें इस साल (वित्त वर्ष 2024-25 में) एक लाख करोड़ रुपये के ऋण मंजूरी के आंकड़े को छूने की उम्मीद थी...।

## फाउंड्री उद्योग को 2000 करोड़ रुपए का मिलेगा निवेश

**कोलकाता।** प. बंगाल में फाउंड्री उद्योग को अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलेगा। यह निवेश नई परियोजनाओं और मौजूदा उद्योगों के विस्तार के लिए किया जाएगा। फाउंड्री उद्योग में धातु को पिघलाकर उसे ढालने, आकार देने और विभिन्न उत्पादों के रूप में बनाने का काम किया जाता है। इसमें धातु जैसे लोहे, इस्पात एल्युमिनियम आदि का प्रयोग होता है। इस निवेश का उद्देश्य उद्योग को लाभ पहुंचाना और इसकी क्षमता को बढ़ाना है। इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमैन (आईआईएफ) के अध्यक्ष नवनीत बी अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि पश्चिम बंगाल में फाउंड्री उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और इसकी वृद्धी राष्ट्रीय औसत से 50 प्रतिशत अधिक है। फाउंड्री उद्योग के विस्तार के लिए बड़े उद्योगों और सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) दोनों को ध्यान में रखते हुए, कुल 2,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।




## राशिफल


**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।


**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।


**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।


**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।


**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।



**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।


**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।


**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5774



**बाएँ से दाए**
1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया-2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी-2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत-2
55. बुढ़ापा-2
57. नमस्कार, प्रणाम-3
60. खुमार, सरूर-2
62. भीगा हुआ-2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार-2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग,-2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति-2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

### शब्द पहेली- 5773 का हल



## सूडोकू नवताल - 5784

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5783 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

वीआईपी रोड में हंगामा करते पकड़ी गई उज्बेकिस्तान की युवती से मिला सुराग

# दिल्ली से होती थी विदेशी कॉलगर्ल की बुकिंग तीन और अरेस्ट, एक घायल की अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड में नशे में हंगामा करती पकड़ी गई उज्बेकिस्तान की युवती देह व्यापार में संलिप्त मिली। वहीं उसके साथ पकड़ा गया वकील उसका कस्टमर निकला। पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लेकर जब पूछताछ की, तो इस मामले में पुलिस ने एक होटल में छापा मारकर वहां से एक विदेशी युवती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों भी देह व्यापार में संलिप्त हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। वहीं, घटना में घायल तीन युवकों में से एक की मौत हो गई। एक की हालत अभी भी गंभीर है। पुलिस सूत्रों के अनुसार विदेशी युवतियों की देह व्यापार के लिए बुकिंग दिल्ली से होती थी। दिल्ली में बैठा देह व्यापार से जुड़ा कोई गिरोह सक्रिय है, जो विदेश युवतियों को टूरिस्ट वीजा पर भारत बुलाकर उन्हें देह व्यापार के लिए बुकिंग पर दूसरे राज्यों में भेजा करता है। पुलिस ने विदेशी युवतियों के देह व्यापार में संलिप्त होने तथा उनके तार दिल्ली में किसी गिरोह से जुड़े होने की पुष्टि की है।

हरिभूमि फॉलोअप

- ताशकंद की युवती सहित तीन गिरफ्तार टूरिस्ट वीजा पर होता था देह व्यापार
- घायलों में से एक युवक की मौत, वकील और विदेशी युवती पर बढ़ेंगी धाराएं

### घायलों में एक की मौत, धाराएं बदलेंगी

वीआईपी रोड पर शराब के नशे में कार चलाते हुए नोदिया और उसके साथी वकील ने स्कूटी सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे नीलकमल साहू, ललित चंदेल और अरुण विश्वकर्मा को गंभीर चोटें आने के कारण अस्पताल में दाखिल कराया गया था।




### पिकाडली होटल में छापा

पुलिस ने वकील और विदेशी युवती नोदिया को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है। रिमांड लेने के पहले दिन ही नोदिया से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि उज्बेकिस्तान की रहने वाली और एक युवती होटल पिकाडली में ठहरी हुई है। इस निशानदेही पर सरस्वती नगर पुलिस ने होटल पिकाडली के कमरा नंबर 210 में छापा मारकर वहां से उलमास नामक विदेशी युवती को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा जुगल दादा नामक व्यक्ति एवं केब ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। इस तरह छापेमारी में विदेशी युवती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन तीनों को भी कोर्ट में पेश कर 3 दिन के लिए रिमांड पर लिया है और पूछताछ कर रही है।

# एसएसपी ने ली हिस्ट्रीशीटर की क्लास, लगवाई उठक-बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी पुलिस हिस्ट्रीशीटर सहित पुराने गुंडे-बदमाशों पर पुलिस का खौफ बना रहे और अपराध से तौबा कर अच्छा जीवन व्यतीत करें, इसके लिए लगातार उनकी क्लास ले रही है। इसी कड़ी में शनिवार को एसएसपी लाल उम्मेद सिंह की उपस्थिति में क्राइम ब्रांच के दफ्तर परिसर में रायपुर के हिस्ट्रीशीटरों-चाकूबाज से लेकर छंटे हुए करीब 65 गुंडे-बदमाशों को बुलाया गया और उठक-बैठक कराकर उनकी परेड लेते हुए कड़ाई से समझाइश दी कि वे सभी अपराध छोड़ दें और शरीफ लोगों की तरह रहें।



### अब तक चार सौ से अधिक गुंडे-बदमाशों की परेड

चुनाव के मद्देनजर पिछले कई दिनों से शहर के हिस्ट्रीशीटर, चाकूबाज सहित विभिन्न अपराधों में जेल जा चुके गुंडे-बदमाशों को क्राइम ब्रांच दफ्तर में हाजिर होने कहा जा रहा है। हाजिर होने के बाद पुलिस सभी आरोपियों में पुलिस का खौफ बना रही है।

इसके लिए सभी को सामूहिक रूप से उठक-बैठक कराई जा रही है, साथ ही उनसे बुलवाया जा रहा है कि अब कभी अपराध नहीं करेंगे और अच्छे इंसान की तरह रहेंगे। पुलिस इस अभियान के तहत सोशल मीडिया में चाकू, पिस्टलनुमा लाइटर एवं एयरगन के साथ फोटो एवं विडियो बनाकर अपलोड करने वालों को भी थाने बुलाकर कड़ाई से समझाइश दे रही है। एसएसएपी ने कहा कि यह अभियान अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, लोगों की सुरक्षा व शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान से अपराधियों में पुलिस का खौफ भी है, जिससे अपराध में कमी आई है।

# घर में आग लगने के बाद सिलेंडर फटे, सामान जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती इलाके में बुढ़ेश्वर चौक के पास एक दोमंजिला मकान के ऊपर हिस्से में शनिवार शाम को आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली की वहां रखे दो सिलेंडर भी आग की लपटों में आने से फट गए। सिलेंडरों के फटते ही आग घर में फैल गई, जिससे घर में रखे सामान जलकर खाक हो गए।

इधर घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मी अग्निशामक वाहन के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे के भीतर ही आग पर काबू पा लिया, जिससे आग न ही मकान के नीचे हिस्से और न ही लगे दूसरे मकानों तक पहुंची। हालांकि आग की लपटों एक पेड़ तक जा पहुंची, जिससे वह भी जलने लगा। टीम ने पेड़ में लगी आग को भी तत्काल बुझा दिया।

बुढ़ेश्वर मंदिर के पास बशीर खान नामक व्यक्ति का दो मंजिला मकान है। नीचे पान की दुकान है तथा ऊपर दो कमरे का मकान है। शाम करीब 6.40 बजे वह अपने दुकान में बैठा हुआ था, तभी एक कमरे में आग लग, जिसमें दो सिलेंडर रखे हुए थे। जिस समय आग लगी उस समय घर में कोई नहीं था। आग लगने के बाद बशीर ने पहले अपने स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब आग भीषण रूप ले ली तो वह घबरा कर नीचे उतर आया और इसकी जानकारी तत्काल मोबाइल से दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक गाड़ी तत्काल मौके पर पहुंची और कर्मचारी आग को बुझाने का काम शुरू किया। करीब घंटे भर में दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।

### सिलेंडरों के धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी

बताया जा रहा है कि आग लगने के समय घर पर दो सिलेंडर रखे हुए थे। घर में लकड़ी और कपड़े होने के कारण आग तेजी से फैली जो सिलेंडरों तक जा पहुंची। इसके बाद दोनों सिलेंडर एक-एक करके विस्फोट हुए। सिलेंडरों के विस्फोट का धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। सिलेंडरों के फटने से मकान की एक हिस्से की दीवार पर दरारे भी आ गई है। इधर सिलेंडर के फटने के कारण ही बाहर उठी आग की लपटों में एक पेड़ भी आ गया। इस आगजनी में मकान मालिक को कितने की क्षति पहुंची है। इसका आंकलन किया जा रहा है।

# रात में रही हल्की ठंड, आज से 3 डिग्री तक गर्मी बढ़ने का दौर

### हवा की दिशा में होगा बदलाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उत्तरी हवा के प्रभाव ने पिछले दो दिनों से लौटी ठंड का असर अगले चौबीस घंटे तक रहने की संभावना है। इसके बाद हवा की दिशा में बदलाव होने से चार दिनों में तीन डिग्री तक गर्मी बढ़ने की संभावना है। अभी रात दिन का तापमान सामान्य से केवल दो डिग्री अधिक है। फरवरी के पांच दिनों तक प्रदेश में गर्मी ने अपना असर दिखाया था, इस दौरान एसी-कूलर भी जरूरत महसूस होने लगी थी। राजधानी रायपुर में ही गर्मी का प्रभाव 36 डिग्री तक हो गया था। इसी बीच दो दिन पहले हवा की दिशा में बदलाव हुआ और उत्तरी हवा का असर बढ़ने से ठंड की वापसी हुई। दिन में तो बड़ा बदलाव नहीं हुआ, मगर रात में ठीक ठाक ठंड महसूस होने लगी। पिछले चौबीस घंटे में भी ठंड का असर महसूस होता रहा और दिन को भी थोड़ी गर्मी रही। आंकड़ों के अनुसार रायपुर में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। अनुमान है कि रविवार को बड़ा बदलाव नहीं होगा इसके बाद आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा में बदलाव होगा ।




### केदार कश्यप बोले- भूपेश की महाकुंभ पर टिप्पणी से करोड़ों श्रद्धालु आहत

**रायपुर**। प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नेता प्रतिपक्ष और सभी विधायकों को सनातन धर्म की आस्था के प्रतीक प्रयागराज महाकुंभ में स्नान का आमंत्रण दिया, जिसे कांग्रेस के ठुकराकर एक बार फिर अपनी सनातन विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है। सबसे पहले कांग्रेसियों ने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला मंदिर के उद्घाटन समारोह के आमंत्रण को ठुकराया था और जब उन्हें महाकुंभ चलने का न्योता दिया गया तो नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने महाकुंभ का न्योता ठुकराते हुए यह कह दिया कि न हम जाएंगे और न ही कांग्रेस के विधायक जाएंगे। भूपेश बघेल महाकुंभ के पर्व पर अर्नगल बयानबाजी करने लगे हैं। करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक महाकुंभ का अपमान करने के लिए कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए।

# जेवर चमकाने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सोने-चांदी के जेवर चमकाने का झांसा देकर रायपुर तथा भिलाई की दो बुजुर्ग महिलाओं से 25 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने बिहार कटिहार के आधा दर्जन शातिरों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने खमतराई में बुजुर्ग महिला के साथ सात लाख रुपए की ठगी की थी।

पूरे मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने बताया कि ठगी के आरोप में अमरदीप शाह, मुकेश भगत, शिकेंद्र शाह, विपिन कुमार, शम्भू शाह, अमित कुमार को गिरफ्तार किया है। शातिर शनिवार सुबह 11 बजे खमतराई, संतोषी नगर निवासी 66 वर्षीय महिला पी. सरोजिनी के मकान के अंदर जबरन दाखिल हुए। घर के बाहर महिला का पति बैठा हुआ था। बावजूद इसके शातिरों ने घर के अंदर दाखिल होने उनकी अनुमति नहीं ली। मकान के अंदर दाखिल होने के बाद शातिर दरवाजा खटखटाने के बाद घर के बाहर पड़ी चारपाई पर बैठ गए। महिला के घर के अंदर से निकलने के बाद शातिरों ने उन्हें कहा कि वे घर की टाइल्स चमकाने के साथ कांसा, पीतल तथा तांबे का बर्तन चमकाने का काम करते हैं। बातचीत के दौरान शातिर एक तांबे का लोटा साफ कर महिला को दे दिया। गिरफ्तार आरोपी में शंभू शाह पूर्व में उत्तरप्रदेश में ठगी, चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

ठगी करने पहुंचे शातिरों ने महिला को गुजरात से आने के झांसा देते हुए कहा कि वे बर्तन साफ करने के साथ ही सोने-चांदी के जेवर साफ करते हैं। तांबे का लोटा साफ करने के बाद शातिरों ने महिला से उनके पहने जेवर साफ करने देने की मांग करने लगे। महिला ने जेवर देने से इंकार किया तो जालसाजों ने महिला के पहने हुए गहनों पर लाल रंग का ज्वलनशील पावडर डाल दिया। हाथ तथा गले में जलन होने पर शातिरों ने कहा कि जेवर जल्दी उतारकर दे दो, नहीं तो गला तथा हाथ जल जाएगा।

जलन होने पर महिला ने अपने गहने उतारकर जालसाजों के सुपुर्द किए। इस दौरान जालसाजों ने एक पत्थर पानी से भरे कटोरी में डाल दिया। इसके बाद एक प्लास्टिक की झिल्ली, जिसमें सफेद रंग का पावडर था, गहने उसमें डालकर स्टेपल लगाकर महिला के दे दिए और कहा कि कुछ देर के बाद प्लास्टिक को खोलना। थोड़ी देर बाद महिला ने प्लास्टिक की झिल्ली को खोलकर देखा तो उसमें प्लास्टिक के कंगन मिले।

### घटना के चंद घंटे के भीतर दबोचे गए

ठगी के आरोप में पुलिस ने जिन शातिरों को गिरफ्तार किया है। उन्हीं शातिरों ने घटना के दो दिन पूर्व सुपेला में महिला के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया था। खमतराई में घटना के बाद पुलिस ने शातिरों की पतासाजी करते हुए वहां दबिश दी, जिस होटल में शातिर रुके थे। पुलिस को होटल में संदिग्धों के होने के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़कर पूछताछ की तो बदमाशों ने अपना अपराध स्वीकार किया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-135-24-25, दिनांकः 24.01.2025.**
**कार्यः** बिलासपुर संभाग के सहायक मंडल अभियंता/ शहडोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ग्लूड ज्वाइंट, एसईजे, टीआरआर टीएफआर, टीबीआर, टीटीआर, टी/28 बीसीएम द्वारा डीप स्क्रीनिंग, डॉवेल रिमूवल और अन्य विविध ट्रैक कार्य का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 3,26,77,194.58. **अमानत राशिः** ₹ 3,13,400.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

**क्र.संख्या (2) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-136-24-25, दिनांकः 24.01.2025.**
**कार्यः** बिलासपुर संभाग के सहायक मंडल अभियंता/ उमरिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ग्लूड ज्वाइंट, एसईजे, टीएफआर, टीबीआर, टीटीआर और अन्य विविध ट्रैक कार्य का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 2,84,78,828.24. **अमानत राशिः** ₹ 2,92,400.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

**क्र.संख्या (3) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-137-24-25, दिनांकः 24.01.2025.**
**कार्यः** बिलासपुर संभाग के सहायक मंडल अभियंता/ मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टीएफआर, टीआरआर, टीटीआर और अन्य विविध ट्रैक कार्य का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 3,15,15,688.95. **अमानत राशिः** ₹ 3,07,600.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

**क्र.संख्या 1 से 3 के लिए समानः निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 03.02.2025 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 17.02.2025 के 11.00** बजे तक।


**क्र.संख्या (4) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-139-24-25, दिनांकः 24.01.2025.**
**कार्यः** बिलासपुर संभाग के वरिष्ठ मंडल अभियंता/उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आरयूबी/एलएचएस में बीके–72, बीके–73, बीके–93, बीके–97, एबी–1, एलएचएस 31ए, एलएचएस 206ए, एलएचएस 215ए, और बीआर नंबर 211 पर कवर शेड, पहुंच मार्ग और नाली का प्रावधान और अन्य विविध कार्य का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 6,45,13,923.39. **अमानत राशिः** ₹ 4,72,600.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

**क्र.संख्या (5) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-140-24-25, दिनांकः 24.01.2025.**
**कार्यः** बिलासपुर संभाग के वरिष्ठ मंडल अभियंता/उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बधवा बाड़ा– घुनघुटी सेक्शन में पुलों 128 से 132 के किमी 922 से 926 के बीच बैंक स्लिप का सुदृढ़ीकरण एवं स्थिरीकरण साथ में ड्रेन कम टो वॉल, क्रेट और बोल्डर के साथ गेबियन संरचना, जियोसिंथेटिक, सेस मरम्मत, रिटेनिंग वॉल आदि कार्य का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 18,32,05, 292.12 **अमानत राशिः** ₹ 10,66,000.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 18 माह।

**क्र.संख्या 4 से 5 के लिए समानः निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 10.02.2025 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 24.02.2025 के 11.00** बजे तक।

उपरोक्त ई–निविदा सूचनाओं की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

*मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/*
*सीपीआर/10/464 द.पू.म.रे.,बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail



# ला लिगा : एमबापे और अल्वारेज ने दागे गोल, एटलेटिको और रियल का मैच ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियान एमबापे के गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में एटलेटिको मैड्रिड को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया और अंक तालिका के शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा।

जूलियन अल्वारेज ने 35वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर एटलेटिको को 1-0 की बढ़त दिलाई लेकिन एमबापे ने 50वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया जो अंत तक बराबर रहा। इस ड्रॉ के बाद रियल मैड्रिड की टीम 23 मैच में 50 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार है। एटलेटिको इतने ही मुकाबलों में 49 अंक के साथ दूसरे पायदान पर है। रियल मैड्रिड की टीम अब मंगलवार को चैंपियन्स लीग नॉकआउट दौर प्ले हाफ के पहले चरण में मैनचेस्टर सिटी से उसके मैदान पर खेलेगी।



### जीता बिलबाओ

अन्य मुकाबलों में एथलेटिक बिलबाओ ने गिरोना को 3-0 से जबकि सेल्टा विगो ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 3-2 से हराया। विलारीयाल ने लास पालमास को 2-1 से शिकस्त दी।

## एफए कप के पांचवें दौर में पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**लंदन**। रियल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियन्स लीग प्ले ऑफ से पहले मैनचेस्टर सिटी को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरे टीयर की टीम लेटन ओरिएंट के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए जूझना पड़ा। शनिवार को मैनचेस्टर सिटी ने ओरिएंट को 2-1 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई। ओरिएंट की टीम स्टीफन ओर्टेगा के 16वें मिनट में दागे आत्मघाती गोल से मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी लेकिन दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी अब्दुकोदिर खुसानोव और केविन डि ब्रून ने गोल दागकर चार बार के गत प्रीमियर लीग चैंपियन सिटी की जीत सुनिश्चित की। सिटी की टीम मंगलवार को चैंपियन्स लीग के दो चरण के प्ले ऑफ के पहले चरण में मैड्रिड की मेजबानी करेगी।



### न्यूकासल ने बर्मिंघम को हराया

न्यूकासल ने भी बर्मिंघम को 3-2 से हराकर एफए कप के अगले दौर में प्रवेश किया लेकिन आठ बार के चैंपियन चेल्सी की टीम पांचवें मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद ब्राइटन के खिलाफ 1-2 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। बोर्नेमाउथ ने भी एवर्टन को 2-0 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई जबकि इपस्विच ने कोवेंट्री को 4-1 से शिकस्त दी। फुलहम ने विगान को 2-1 से हराया जबकि लीड्स की टीम मिलवाल के खिलाफ 0-2 की शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

## खबर संक्षेप




### एमआई केपटाउन पहली बार बनी एसए20 चैंपियन

**जोहानिसबर्ग**। पिछली दो बार आखिरी स्थान पर रही एमआई केपटाउन ने राशिद खान की कप्तानी में तीसरे सत्र में चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को वांडरर्स पर खेले गए फाइनल में बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 76 रन से हराकर एसए 20 खिताब अपने नाम किया। पूरा स्टेडियम अपने स्थानीय नायक 'रबाडा रबाडा' के शोर से गूंज उठा जिन्होंने 3.4 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देकर दो विकेट लिए। जीत के लिए 182 रन का पीछा करते हुए सनराइजर्स 105 रन पर आउट हो गए।

### यूपी वारियर्स की कप्तान बनीं दीप्ति

**नई दिल्ली**। यूपी वारियर्स ने रविवार को अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को डब्लूपीएल 2025 के लिए कप्तान नियुक्त किया क्योंकि नियमित कप्तान एलिसा हीली पैर की चोट के कारण लीग से बाहर हो गई हैं। वारियर्स को उम्मीद है कि दीप्ति डब्लूपीएल 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराएगी जिसमें उसने आठ पारियों में 136.57 के स्ट्राइक रेट और 98.33 की औसत से 295 रन बनाए थे। दीप्ति ने अपनी ऑफ स्पिन से 7.23 की इकॉनमी रेट से 10 विकेट भी लिए थे। 27 वर्षीय दीप्ति को कप्तानी का भी अनुभव है, उन्होंने घरेलू मैचों में बंगाल और पूर्वी क्षेत्र का नेतृत्व किया है।



### द.अफ्रीका ने नोर्किया की जगह बॉश को चुना

**जोहानिसबर्ग**। दक्षिण अफ्रीका ने इस महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को चोटिल तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया की जगह कोर्बिन बॉश को टीम में शामिल किया। पिछल महीने पीठ की चोट के दोबारा उभरने के कारण नोर्किया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से बाहर हो गए।पिछले साल दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले बॉश ने सिर्फ एक एकदिवसीय मुकाबला खेला है जिसमें उन्होंने नाबाद 40 रन बनाने के अलावा एक विकेट भी चटकाया।

### इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम पहुंची ओडिशा

**भुवनेश्वर**। इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के भारत चरण के मैचों में भाग लेने के लिए रविवार को भुवनेश्वर पहुंची। विश्व रैंकिंग में सातवें पायदान पर काबिज टीम 15 फरवरी को यहां कलिंगा स्टेडियम में मेजबान भारत और 25 फरवरी को शीर्ष रैंकिंग की टीम नीदरलैंड से भिड़ेगी। टीम के सदस्यों का यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर ओडिशा खेल विभाग और हॉकी इंडिया ने जोरदार स्वागत किया।



## तीसरा और अंतिम वनडे 12 को अहमदाबाद में खेला जाएगा

# रोहित का 32 वां शतक, भारत ने इंग्लैंड से 2-0 से जीती श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| कटक

भारत ने रविवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। कप्तान रोहित शर्मा ने 119 रन की विस्फोटकीय शतकीय पारी खेली। हिटमैन ने शुभमन गिल (60 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी की। रोहित ने 32वां सैकड़ा पूरा कर सुकून की सांस ली जो उनके चेहरे पर साफ दिख रहा था। इसके लिए उन्होंने 76 गेंद खेली जिसमें सात छक्के और नौ चौके जड़े थे।

भारत ने इंग्लैंड को 49.5 ओवर में 304 रन पर समेट दिया। फिर भारत ने रोहित की 12 चौके और सात छक्के जड़ित 90 गेंद की पारी से यह लक्ष्य 44.3 ओवर में छह विकेट पर 308 रन बनाकर हासिल कर लिया। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह जीत भारत के लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी। रोहित ने श्रेयस अय्यर (44 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी निभाई।

### वरुण ने डेब्यू में रचा इतिहास

वरुण चक्रवर्ती को वनडे में डेब्यू का मौका मिला और इसके साथ ही उन्होंने इतिहास रच दिया। 33 साल 164 दिन की उम्र में वरुण चक्रवर्ती ने टीम इंडिया के लिए वनडे डेब्यू किया और इसके साथ ही वह भारतीय टीम के लिए 1974 के बाद वनडे फॉर्मेट में डेब्यू करने वाले टीम इंडिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के लिए 36 साल 138 दिन की उम्र में विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर ने 1974 में इंग्लैंड के सामने लीड्स के मैदान में डेब्यू किया था।



### रन बनाकर मजा आया

"मुकाबला अच्छा था और टीम के लिए कुछ रन बनाकर मजा आया। सीरीज के लिहाज से यह मैच अहम था। इस मैच को लेकर मैंने अपनी बैटिंग के लिए खास प्लान बनाया था। मैंने टुकड़ों में बैटिंग करने का प्लान बनाया। टी20 के लिहाज से लंबी और टेस्ट के लिहाज से छोटी। मैं इसी तरह अपनी पारी को तोड़ना चाहता था। मेरी कोशिश थी कि मैं जितना देर तक हो सके खेलूं और मैंने पूरा ध्यान इसी पर लगाया।"

### भारत की 7वीं सीरीज जीत

दूसरे वनडे में जीत के साथ भारत ने इंग्लैंड पर घर में लगातार सातवीं वनडे सीरीज जीत ली है। इसके अलावा विश्व कप 2023 के बाद से वनडे में यह इंग्लैंड की लगातार चौथी हार है। वहीं, पिछले 10 वर्षों में भारत के खिलाफ सफेद गेंद प्रारूप में यह इंग्लैंड की 10 मैचों में से नौवीं शिकस्त है।

### सर्वाधिक शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय

रोहित इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित का यह 49वां अंतरराष्ट्रीय शतक है और उन्होंने इस मामले में राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 48 शतक लगाए हैं। इस सूची में सचिन तेंदुलकर 100 शतकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि विराट कोहली 81 शतकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### 16 महीने बाद जड़ा शतक

भारतीय कप्तान की पारी का अंत 30वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन की गेंद को ऊंचा खेलने की कोशिश में मिडविकेट पर आदिल राशिद को कैच देकर हुआ। रोहित ने वनडे में 16 महीने बाद शतक जमाया है। इससे पहले उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप में 11 अक्टूबर 2023 को अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में 131 रनों की पारी खेली थी।

## ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराकर 2-0 से किया क्लीनस्वीप




एजेंसी ▶▶| गॉल

ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरा टेस्ट नौ विकेट से जीतकर दो मैच की श्रृंखला में श्रीलंका का 2-0 से सूपड़ा साफ किया। श्रीलंका के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्नस लाबुशेन (नाबाद 26) ने चौथे दिन लंच से 15 मिनट पहले संन्यास ले रहे दिमुथ करुणारत्ने की गेंद को मिड विकेट पर एक रन के लिए खेलकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 75 रन पर पहुंचाकर टीम को जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 2011 के बाद श्रीलंका में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीती है। टीम ने तब रिकी पोंटिंग की अगुआई में श्रीलंका को 1-0 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया को 2016 में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में श्रीलंका में 3-0 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा जबकि 2022 में श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही। पैट कमिंस की जगह कप्तानी कर रहे स्मिथ ने इस तरह श्रृंखला जीतकर राहत की सांस ली होगी। स्मिथ का टेस्ट क्रिकेट में 200वां कैच किया। उनसे पहले सिर्फ चार खिलाड़ियों जाक कैलिस, महेला जयवर्धने, राहुल द्रविड़ और जो रूट ने यह उपलब्धि हासिल की है।

### करुणारत्ने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**दुबई**। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को श्रीलंका के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने की जमकर सराहना की, जिन्होंने गॉल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने 100वें टेस्ट के साथ ही अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। करुणारत्ने ने अपने विदाई टेस्ट में 36 और 14 रन की पारी खेली। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, 'दिमुथ का करियर बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने खेल के पारंपरिक प्रारूप में एक बल्लेबाज के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 100 टेस्ट खेलने वाले अपने देश के सातवें खिलाड़ी बने।' छत्तीस साल के करुणारत्ने ने टेस्ट में लगभग 40 की औसत से 7222 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वाधिक स्कोर 244 रन रहा है। उन्होंने 50 एकदिवसीय में 1316 रन बनाए है।

### रानी सूर्यमुखी देवी चैंपियनशिप

## चैंपियन छत्तीसगढ़ का ओडिशा के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड कायम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाइट टी -20 क्रिकेट चैंपियनशिप की डिफेंडर टीम छग स्टेट क्रिकेट संघ ने टूर्नामेंट के पहले दिन शनिवार को एक बार फिर गत वर्ष की उपविजेता ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन को हराकर टीम के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है।

अजय मंडल की कप्तानी में छत्तीसगढ़ ने ओडिशा को 6 विकेट से हराकर जीत दर्ज की है। बल्लेबाज आशीष डहरिया (57) और प्रतीक यादव (44) इस जीत के हीरो रहे। वहीं इससे पहले खेले गए मैच में महाराष्ट्र इलेवन को विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने 57 रनों के बड़े अंतर से चित कर दिया।

सीएससीएस से खिताबी हार का बदला लेने उतरी ओडिशा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। लेकिन कप्तान की उम्मीद के उलट ओडिशा के बल्लेबाज सीएससीएस के गेंदबाजों केंद्र सामने ढेर होते चले गए। टीम 117 रन पर सिमट गई।

सीएससीएस की ओर से मयंक यादव (4 विकेट) और शुभम सिंह ने 3 विकेट लिए। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएससीएस 6 विकेट से जीत दर्ज की। अपनी घातक गेंदबाजी से प्रतिद्वंद्वी टीम को पीछे धकेलने वाले मयंक यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### 57 रन से जीता विदर्भ

महाराष्ट्र इलेवन के खिलाफ विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने 20 ओवर में सिर्फ 3 विकेट खोकर 197 रन का बड़ा स्कोर सेट किया। 194 रनों के स्कोर का पीछा करने उतरे महाराष्ट्र इलेवन टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। विजेता टीम के बल्लेबाज जगजोत ससन को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## फिलिप्स के शतक से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 78 रन से रौंदा

**लाहौर**। ग्लेन फिलिप्स के पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को 78 रन से हरा दिया। फिलिप्स ने 74 गेंद में छह चौकों और सात छक्कों से 74 गेंद में नाबाद 106 रन की पारी खेलकर चैंपियन्स ट्रॉफी की अपनी पुख्ता तैयारियों का नजारा पेश किया। उनकी पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 330 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। डेरिल मिचेल (81) और केन विलियमसन (58) ने भी न्यूजीलैंड के लिए अर्धशतक जड़े। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने तीन विकेट चटकाए लेकिन उन्होंने 10 ओवर में 88 रन लुटाए। अबरार अहमद ने 21 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 47.5 ओवर में 252 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की तरफ से मिचेल सेंटनर ने 41 जबकि मैट हेनरी ने 53 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए।




## ज्योति-तेजस को बाधा दौड़ में लगातार तीसरा स्वर्ण

### 100 मीटर : ज्योति ने 13.10 सेकंड के साथ राष्ट्रीय रिकार्ड में किया सुधार

एजेंसी ▶▶| देहरादून

आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी और महाराष्ट्र के तेजस शिरसे ने रविवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ क्रमशः महिला 100 मीटर बाधा दौड़ और पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीते। अपने स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक शिरसे और याराजी ने इससे पहले गुजरात और गोवा में हुए पिछले दो राष्ट्रीय खेलों में भी स्वर्ण पदक जीते थे।

गत एशियाई चैंपियन और 2023 में हुए हांगझोउ एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की याराजी ने फाइनल में 13.10 सेकंड के समय के साथ 13.22 सेकंड के अपने पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2023 में बनाया था। याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड है।बाइस साल के शिरसे ने 13.65 सेकंड के समय के साथ 13.71 सेकंड के अपने राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13.41 सेकेंड का है जो उन्होंने पिछले साल बनाया था।



### टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक चीन के किंगदाओ में खेला जाएगा

# सिंधू चोट के कारण एशियन चैंपियनशिप से हटीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। इससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक का रंग सुधारने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा।

भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। सिंधू के अलावा शिविर में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। सिंधू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं भारी मन से यह बता रही हूं कि मैं बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत में जितना लगा था चोट के ठीक होने में उससे अधिक समय लगेगा।'



### चोटों से जूझते हो गए तीन साल

सिंधू बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं। इस स्टार खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह 2022 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व टूर फाइनल सहित सभी शेष प्रतियोगिताओं से बाहर हो गईं थी।

### भारत को मिला कठिन ग्रुप

बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है। भारत अपना अभियान 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ शुरू करेगा जिसके बाद 13 फरवरी को दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा मुकाबला होगा। सिंधू ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह टीम की हौसलाअफजाई करेंगी।

# माली में बंदूकधारियों ने 25 नागरिक को मार डाला



एजेंसी ▶▶| बमाको (माली)

माली की सेना की निगरानी में जा रहे वाहनों के एक काफिले पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया, जिसमें 25 नागरिक मारे गए। एक सैन्य प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि मरने वालों में अधिकतर सोने की खदान में काम करने वाले खनिक थे। यह हमला शुक्रवार को देश के उत्तर-पूर्व में स्थित सबसे बड़े शहर गाओ से लगभग 30 किलोमीटर दूर हुआ, जहां सत्तारूढ़ जुंटा के विरोधी सशस्त्र समूह सक्रिय हैं। यह इस वर्ष नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था। सेना के प्रवक्ता कर्नल मेजर सौलेमेन डेम्बेले ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि हमलावरों ने सेना द्वारा संचालित लगभग 60 वाहनों के काफिले को निशाना बनाया। सैनिकों ने पीड़ितों की सहायता की और 13 घायलों को गाओ अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमलावरों में से चार घायल हो गए।

## 32 विधायक पहली बार पहुंचे विधानसभा

# किसी ने मारा जीत का छक्का चौका तो किसी ने लगाई हैट्रिक

*दिल्ली में चुनाव के नतीजे जिस प्रकार से आए हैं उसने सभी को चौंका दिया है। मतदान से पहले तक राजनीतिक विश्लेषक भी दिल्ली की आवाज को भांप नहीं पाए थे और किसी भी पार्टी की सरकार बनने के दावे से बच रहे थे।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मतदान के बाद एग्जिट पोल में भाजपा की बढ़त दर्शाए जाने के बाद जहां भाजपा में उत्साह की लहर रही और परिणाम भी उसके पक्ष में शानदार आए। इस कशमकश पूर्ण हुए चुनाव में बीजेपी व आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों ने भले ही कई बड़े नेताओं को पटखनी दी है लेकिन इस चुनाव में कई नेता ऐसे भी हैं जिन्होंने 6वीं बाद विधायक बनकर रिकॉर्ड कायम किया। वहीं कई नेताओं ने हैट्रिक लगाई है और कई ने तो जीत का चौका मारकर सबको चौंका दिया। आप के संयोजक व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसौदिया भले ही चुनाव हार गए मगर उनकी पार्टी के कई नेताओं ने इतिहास रच दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव में नवनिर्वाचित 70 विधायकों में से 32 पहली बार विधानसभा के सदस्य बने हैं। इनमें भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं।



गोपाल राय | विजेंद्र गुप्ता | कैलाश गहलोत

**छठवीं व पांचवी बार बने विधायक :** भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन सिंह बिष्ट ने मुस्तफाबाद से चुनाव जीता है, उन्होंने छठी बार के विधायक बनकर शोएब इकबाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके अलावा भाजपा के अरविंदर सिंह लवली और राजकुमार चौहान पांचवीं बार विधायक बनने में सफल रहे।

### ये हैं चार बार से विजयी होने वाले नेता

भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के कई नेताओं ने लगातार चौथी बार जीत दर्ज की है, इसमें बीजेपी के ओम प्रकाश शर्मा, कुलवंत राणा, तलविंदर सिंह मारवाह का नाम शामिल है, जबकि आम आदमी पार्टी के संजीव झा, सोमदत्त, विशेष रवि, जरनैल सिंह, अजय दत्त, वीर सिंह धींगान ने भी लगातार चौथी बार जीत दर्ज की है।

### इन नेताओं ने लगाई है जीत की हैट्रिक

*आम आदमी पार्टी के गोपाल राय, इमरान हुसैन, सहीराम और अमानतुल्लाह, अनिल झा ने जीत की हैट्रिक लगाई है। इस लिस्ट में बीजेपी कि विजेंद्र गुप्ता, कैलाश गहलोत, करतार सिंह तंवर, मनोज शौकीन, मनजिंदर सिंह सिरसा, प्रद्युम्न राजपूत और रामसिंह नेताजी का नाम भी शामिल है, जिन्होंने लगातार तीन बार विधायक का चुनाव जीता है। हालांकि कैलाश गहलोत और करतार सिंह तंवर ने पिछला चुना आप के टिकट पर जीता था।*

### किसने दी किसको मात

बता दें कि गोपाल राय ने बाबरपुर से चुनाव लड़ा था और उन्होंने बीजेपी के अनिल कुमार वशिष्ट को 18994 वोटों से हराया है।
अमानतुल्लाह ने ओखला सीट से बीजेपी के मनीष चौधरी को 23639 वोटों से हराया है।
बल्लीमारान से आप के इमरान हुसैन ने बीजेपी के कमल बागरी को 29823 वोटों से मात दी है।

### आप से आए भाजपा में और दर्ज कराई जीत

ज्ञात हो कि कैलाश गहलोत ने चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी का दाम छोड़कर भाजपा जॉइन की थी, बीजेपी ने उन्हें बिजवासन सीट से टिकट दिया था। कैलाश के खिलाफ आम आदमी पार्टी के सुरेंद्र भारद्वाज रहे जिन्हें कैलाश ने 11276 वोटों से हराकर चुनाव जीत लिया। इसी प्रकार विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी सीट से आम आदमी पार्टी के प्रदीप मित्तल को 37816 वोटों के बड़े मार्जिन से चुनाव हराया।

### बीजेपी के ये नेता पहली बार बने विधायक

सतीश उपाध्याय (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, बीजेपी), आशीष सूद, रेखा गुप्ता, शिखा रॉय, एड. सूर्य प्रकाश खत्री, हरीश खुराना (पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना के बेटे), श्याम शर्मा।

# रिश्वत लेते रक्षा मंत्रालय के ऑडिटर समेत तीन गिरफ्तार 8 लाख रुपए लेते पकड़ाए



.केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रक्षा मंत्रालय के प्रधान नियंत्रक रक्षा लेखा कार्यालय में तैनात एक वरिष्ठ ऑडिटर और दो निजी व्यक्तियों को 8 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दो अन्य आरोपी एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर और उसके कर्मचारी हैं। सीबीआई ने 7 फरवरी को इस मामले में केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता खुद भी एक डिफेंस सप्लायर है। सीबीआई इस मामले में गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस भ्रष्टाचार में और कौन-कौन शामिल हो सकता है।

### भुगतान के बदले मांगी गई रिश्वत

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ ऑडिटर और एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर ने उसके पहले से मंजूर हो चुके बिलों के भुगतान के बदले 10 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इतना ही नहीं, आरोपी ऑडिटर ने यह धमकी भी दी थी कि अगर रिश्वत नहीं दी गई, तो भविष्य में उसके और बिलों का भुगतान अटका दिया जाएगा। बाद में आरोपी अधिकारी ने 10 लाख की जगह 8 लाख रुपये की पहली किस्त लेने की सहमति दी और शिकायतकर्ता को यह रकम एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर के कर्मचारी को देने को कहा।

### सीबीआई का जाल, रंगे हाथों पकड़े गए आरोपी

सीबीआई ने इस मामले में जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी कर्मचारी शिकायतकर्ता से 8 लाख रुपये की रिश्वत ले रहा था, उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। इसके बाद सीबीआई ने आरोपी निजी कंपनी के मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान सीबीआई को पता चला कि आरोपी सरकारी अधिकारी रक्षा मंत्रालय के प्रधान नियंत्रक रक्षा लेखा, रक्षा कार्यालय परिसर, नई दिल्ली में वरिष्ठ ऑडिटर के पद पर तैनात है, उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# महाकुंभ मेले में लगी आग कल्पवासी टेंट जलकर खाक



एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार को सेक्टर 19 में स्थित एक कल्पवासी टेंट में गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमक विभाग की टीम ने महज 10 मिनट पर में आग पर काबू पा लिया। इससे घटना में कोई बड़ी जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन पूरा टेंट जलकर राख हो गया। हादसे के पीछे साजिश की जांच जारी है। यह घटना चल रहे महाकुंभ में आग लगने की घटनाओं की श्रृंखला में नवीनतम है, जो 13 जनवरी से शुरू हुआ है और 26 फरवरी तक जारी रहेगा। 7 फरवरी को सेक्टर 18 स्थित इस्कॉन शिविर में आग लग गई, जिससे लगभग 20 टेंट नष्ट हो गए, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ था। इससे पहले 19 जनवरी को सेक्टर 19 में सिलेंडर विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई थी, जिसमें एक दर्जन से अधिक शिविर नष्ट हो गए थे।

### कैसे हुआ हादसा?

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने टेंट के मालिक की पहचान प्रयागराज के कर्मा निवासी राजेंद्र जायसवाल के रूप में की है। टेंट ओम प्रकाश पांडे सेवा संस्थान द्वारा लगाया गया था। कल्पवासी तंबू में श्रद्धालु पारंपरिक रूप से पवित्र नदियों के पास एक महीने तक रहते हैं। ऐसे में गैस सिलेंडर के लीक होने से सुबह करीब साढ़े 11 बजे आग लग गई। आग को समय रहते बुझा लिया गया, जिससे कई लोगों की जान बच गई।

# राष्ट्रविरोधी बयान देने पर राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज

**झारसुगुड़ा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ झारसुगुड़ा पुलिस ने "राष्ट्रविरोधी" बयान देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।



सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को भाजपा, उसकी युवा शाखा, आरएसएस, बजरंग दल और झारसुगुड़ा जिले के अन्य सदस्यों द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर यह एफआईआर दर्ज की गई। झारसुगुड़ा एसपी परमार स्मित पुरुषोत्तमदास ने बताया कि इस संबंध में कल उत्तरी रेंज के आईजी हिमांशु लाल के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार, राहुल गांधी जानबूझकर राष्ट्रविरोधी बयान दे रहे हैं, जिससे हर भारतीय नागरिक आहत है। आईजीपी ने एसपी परमार स्मित पुरुषोत्तमदास को मामले की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### इन धाराओं के तहत मामला हुआ दर्ज

अधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा पहुंचाने वाले कृत्यों को अपराध बनाना) और धारा 197(1)(डी) (भारत की एकता, संप्रभुता, अखंडता या सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाली झूठी या भ्रामक जानकारी बनाने या प्रकाशित करने) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# अमेरिका की हमास को चेतावनी सभी बंधकों को तुरंत रिहा करो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हमास के बंधकों को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मांग को दोहराते हुए कहा कि हमास सभी बंधकों को तुरंत रिहा कर दे। रुबियो ने व्हाइट हाउस की एक पोस्ट का उल्लेख करते हुए कहा, 'राष्ट्रपति एकदम स्पष्ट थे। हमास को अब सभी बंधकों को रिहा करना होगा!' अमेरिका अब इस मामले में बहुत गंभीर है। इजरायल और हमास के बीच संघर्षविराम शुरू होने के बाद से यह पांचवीं अदला-बदली है, जिसमें बंधकों को बदल दिया गया है। इजरायल रिहा किए गए 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रेड क्रॉस को सौंपेगा। सैकड़ों लोगों की भीड़ के सामने हमास के लड़ाकों ने तीनों बंधकों को एक-एक करके माइक दिया और तीनों ने सार्वजनिक रूप से अपना बयान दिया।



### तीन बंधकों को हमास ने सौंपा

इजरायल ने घोषणा की कि गाजा पट्टी में संघर्षविराम के तहत हमास की ओर से रिहा किए गए तीन इजरायली बंधक उनकी सेना को मिल गए हैं। इजरायल को दर्जनों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना है। हमास ने तीनों बंधकों को शनिवार को गाजा में रेड क्रॉस को सौंप दिया। हमास ने एली शरबी, ओहद बेन अमी और ओर लेवी को 7 अक्टूबर 2023 को किए गए हमले में बंधक बना लिया था।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शाह बोले-31...

में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। शहीद जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही पुनः यह संकल्प दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े।

### सीएम ने कहा,...

होकर रहेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शी नीति और प्रभावी रणनीति के कारण सुरक्षाबलों को लगातार सफलता मिल रही है और हम लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

### बीजापुर में सुरक्षाबलों...

और बीजीएल लॉन्चर सहित कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इस अभियान में हमारे दो वीर जवान शहीद हुए हैं, जिनके सर्वोच्च बलिदान को मैं शत-शत नमन करता हूं। ईश्वर शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें। इसके अतिरिक्त दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल एयरलिफ्ट कर उपचार के लिए भेजा गया है। मैं उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी और फरवरी माह को मिलाकर देखें तो यह अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है। जिस क्षेत्र को नक्सलियों का आरामगाह कहा जाता था, वहां आज हमारे बहादुर जवानों ने साहसिक अभियान चलाकर नक्सलियों को करारा जवाब दिया है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस सफल ऑपरेशन के लिए सभी सुरक्षाबलों को बधाई दी और कहा कि सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई पूरी ताकत से जारी रहेगी।

### अब तक 65 वर्दीधारी...

कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ व अन्य सुरक्षाबलों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। आईजी ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान हमारे संकल्प के लिए प्रेरणा होगा।

### मुठभेड़ में दो...

एसटीएफ के गुलाब मंडावी घायल हो गए हैं, जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर किया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### बोलेरो-ट्रेलर की...

अलावा केशपाली गांव के एक दर्जन से भी अधिक लोग प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेले में नहाने गए थे जहां वे बोलेरो में सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जब वे बभनी के दरनखाड के पास पहुंचे ही थे कि सामने की तरफ से आ रहे टेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में मौके पर ही लक्ष्मीबाई 30 साल,अनिल प्रधान 37 साल, ठाकुर राम यादव 58 साल के अलावा रूकमणी 56 साल की मौत हो गई। वहीं घायलों में राजकुमार यादव 33 साल, दिलीप देवी 58 साल, अभिषेक यादव 06 साल, अहान 4 साल, योगीलाल 36 साल, हर्षित यादव ढाई साल के अलावा सुरेन्द्री देवी 32 साल शामिल हैं। सभी 7 घायलों को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।

**इधर, मिनी ट्रक एसयूवी से टकराया, तीन की मौत-**

सतना। मप्र के सतना जिले में महाकुंभ के लिए लोगों को प्रयागराज ले जा रहे एक मिनी ट्रक और 'एसयूवी' कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 10 अन्य व्यक्ति घायल हो गए। मृतकों की पहचान महेंद्र पटेल (52), मनीषा पटेल (31) और उनके बेटे जितेंद्र पटेल (11) के रूप में हुई है। मझगवा थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर सतना-चित्रकूट राजकीय राजमार्ग पर रात करीब एक बजकर 30 मिनट पर यह दुर्घटना हुई। टक्कर के बाद ट्रक पलट गया था। दुर्घटना के कारण सड़क पर यातायात अवरुद्ध हो गया, जिसे बाद में पुलिस ने खुलवाया।

### एयर चीफ ने...

साथ यह ऐतिहासिक उड़ान तेजस लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट के टू-सीटर ट्रेनर वर्जन में बेंगलुरु के येलहंका एयरबेस से भरी। इस उड़ान के दो प्रमुख संदेश माने जा रहे हैं। पहला सशस्त्र बलों में एकजुटता का प्रदर्शन और दूसरा स्वदेशी लड़ाकू विमानों में सेना प्रमुखों का पूर्ण विश्वास।

एशिया के अपनी तरह के सबसे बड़े शो 'एयरो इंडिया 2025' का आयोजन कर्नाटक के बेंगलुरु में एयर फोर्स स्टेशन, येलहंका में किया जा रहा है। 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज' की व्यापक थीम के साथ यह कार्यक्रम विदेशी और भारतीय फर्मों के बीच साझेदारी बनाने और स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए वैश्विक मूल्य श्रृंखला में नए मार्ग तलाशने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में एयरोस्पेस क्षेत्र से सैन्य प्लेटफार्मों की एक बड़ी श्रृंखला के हवाई और स्थिर प्रदर्शन दोनों शामिल हैं। इस कार्यक्रम में विश्व के कई देशों के रक्षा मंत्री शामिल होंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इसमें रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की गोलमेज बैठक, मंथन स्टार्ट-अप कार्यक्रम, शानदार एयर शो, भारतीय मंडप सहित एक विशाल प्रदर्शनी क्षेत्र और एयरोस्पेस कंपनियों का एक व्यापार मेला शामिल है।

**आज से एयरो इंडिया 2025-**

एयरो इंडिया 2025 की शुरुआत 10 फरवरी से होगी। यह 14 फरवरी, 2025 तक चलेगा। पहले तीन दिन (10, 11 और 12 फरवरी) व्यावसायिक दिन रखे गए हैं जबकि 13 और 14 फरवरी को सार्वजनिक दिन के रूप में निर्धारित किया गया है। सार्वजनिक दिवसों में आमजन इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन के साक्षी बन सकेंगे।

### चुनाव प्रचार का...

संपर्क करेंगे। बता दें कि 11 फरवरी को 10 नगर निगम, 49 नगरपालिका और 114 नगर पंचायतों, कुल 173 नगरीय निकायों में मतदान ईवीएम के जरिए होगा।

### दिल्ली में सीएम...

सरकार में शामिल होने वाले नामों को लेकर विचार विमर्श हुआ। किस विधायक को मुख्यमंत्री बनाया जाए, यह पार्टी के सामने बड़ा सवाल है। दिल्ली में मुख्यमंत्री के अलावा छह मंत्री भी बनाये जाने हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक में मुख्यमंत्री पद के संभावित चेहरों के अलवा मंत्रियों के नामों पर भी मंथन हुआ। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा और केबिनेट में मंत्री कौन होंगे इसे लेकर एक पैनल तैयार किया जाएगा। यह पैनल जिसमें हर पद के लिए दो से तीन नाम होंगे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने अंतिम निर्णय के लिए रखा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की सहमति के बाद ही दिल्ली के मुख्यमंत्री और छह मंत्रियों के नाम पर मुहर लगेगी।

**मुख्यमंत्री तय करना आसान नहीं-**

भाजपा 27 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। इतने लंबे अंतराल के बाद सत्ता में लौटी भाजपा मुख्यमंत्री तय करते समय कई समीकरणों को साधेगी, यह लगभग तय है। जातीय और क्षेत्रीय आधार एक बड़ा फैक्टर रहेगा। मंत्रीमंडल गठन में सभी प्रमुख जातियों और वर्गों की भागीदारी रहे इस पर जोर रहेगा। दिल्ली में एक परंपरा रही है कि मंत्रिमंडल में जाट, वैश्य, एससी, ब्राह्मण,पंजाबी या सिख, पूर्वांचली, महिला को तरजीह दी जाती है।

**पूर्वांचली फैक्टर पर भी भाजपा की नजर-**

भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सीएम पद के लिए पूर्वांचली फैक्टर पर भी विचार कर रहा है। दिल्ली में पूर्वांचली मतदाताओं की भारी तादाद इसकी बड़ी वजह है। बताया जा रहा है कि इस साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी दिल्ली में किसी पूर्वांचली विधायक को भी सीएम की कुर्सी सौंप सकती है। पार्टी मुख्यालय में शनिवार को पीएम मोदी ने पूर्वांचल के लोगों का विशेष तौर पर आभार जताया था। इसके बाद से ही मुख्यमंत्री पद को लेकर पूर्वांचल फैक्टर चर्चा में है। मालवीय नगर सीट पर विजयी रहे दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और मप्र भाजपा के सहप्रभारी सतीश उपाध्याय ऐसे में प्रबल दावेदार होंगे।

**हरियाणा, राजस्थान, मप्र और ओडिशा में चौंकाया-**

भाजपा ने मुख्यमंत्री तय करने के मामले में हरियाणा, राजस्थान, मप्र और ओडिशा में आम लोगों के साथ साथ पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को चौंकाया था। नायब सैनी, भजनलाल शर्मा, मोहन यादव और मोहन चरण मांझी को जब मुख्यमंत्री बनाया तो किसी को अंदाजा भी नहीं था। हो सकता है कि भाजपा हाईकमान दिल्ली में भी एक बार फिर यह फार्मूला आजमा डाले।

**आतिशी के बाद भाजपा भी महिला को बना सकती है सीएम !-**

दिल्ली में भाजपा से सुषमा स्वराज, कांग्रेस से शीला दीक्षित और आप से आतिशी मुख्यमंत्री का पद संभाल चुकी हैं। ऐसे में यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि भाजपा किसी महिला को भी मुख्यमंत्री पद की बागडोर सौंप सकती है। इस चुनाव में आप और भाजपा दोनों का बड़ा फोकस महिलाओं मतदाताओं पर रहा। महिलाओं से जुड़ी योजनाओं पर भाजपा ने तो आप से भी ज्यादा जोर अपने संकल्प पत्र में दिया था। अगर ऐसा होता है तो ग्रेटर कैलाश सीट से विधायक बनी शिखा राय सबसे मजबूत दावेदार होंगी। उनके अलावा शालीमार बाग सीट से विजयी हुई रेखा गुप्ता और वजीर पुर से विधायक बनी पूनम शर्मा का नाम भी अचंभित कर सकता है।

**मंत्री बनने की दौड़ में कई विधायक-**

दिल्ली सरकार में मंत्री बनने के संभावित चेहरों में वैश्य वर्ग से विजेन्द्र गुप्ता, डॉ अनिल गोयल, तिलकराम गुप्ता का नाम चर्चा में है। ब्राह्मण कोटे से सतीश उपाध्याय, पवन शर्मा, अनिल शर्मा व पूनम शर्मा को दावेदार माना जा रहा है। पंजाबी या सिख कोटे से मनजिंदर सिरसा सबसे आगे बताये जा रहे हैं, इनके अलावा आशीष सूद भी दौड़ में हैं। एससी वर्ग से रविंद्र इंदराज, राजकुमार चौहान और रविकांत प्रबल दोवदार माने जा रहे हैं। अगर प्रवेश वर्मा को सीएम नहीं बनाया जाता है तो उन्हें जाट कोटे से मंत्री बनया जाएगा ये लगभग तय माना जा रहा है। अगर किसी महिला को सीएम नहीं बनाया जाता है तो रेखा गुप्ता, शिखा राय और पूनम शर्मा में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

**आतिशी ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा-**

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने विधानसभा चुनाव में आप की करारी हार के एक दिन बाद रविवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि सक्सेना ने निवर्तमान मुख्यमंत्री को नयी सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा है। भाजपा नेताओं के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले सप्ताह विदेश दौरे से लौटने के बाद भाजपा सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती है।

### शादी में डांस...

मंच पर मिक्स्ड सॉन्ग पर डांस कर रही है। इसी दौरान 'लहरा के बलखा के..' गाना बजता है। युवती इस गाने पर डांस स्टेप करती है। तभी अचानक खड़े-खड़े ही मुंह के बल मंच पर गिर जाती है। आशंका है कि डांस करते समय ही उसे हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी स्टेज पर ही गिरकर मौत हो गई।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925




epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** भारत की नं-1 कंपनी नितिराज इंजीनियर्स लिमिटेड (फोनिक्स) को सेल्स एग्जीक्यूटिव- 5 पद , सर्विस इंजीनियर- 2 पद, ऑफिस बाय- 1 पद, salary+ ESIC+ Bonus+ Insentive पता- विनोद ट्रेडर्स, D/74 व्यापार विहार बिलासपुर 9300360385, 9300360386, 07752 401606 (36764)

**आवश्यकता है-** ऑफिस ब्वाय 1 पद एवं एकाउन्टेंट 2 पद Tally Prime के जानकार व 10 वर्षो का अनुभवी की जरूरत है। संपर्क करें A-6 श्रीराम टॉवर एक्सिस बैंक के पीछे व्यापार विहार बिलासपुर मो. 93007 95080 (36759)

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य करने के लिए लड़की या महिला की आवश्यकता है। वेतन 5000 तक। सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर बिलासपुर 8962881411, 9826163818 (36745)

**आवश्यकता है-** (1) माजदा ड्राइवर-2 (2) ऑफिस कार्य हेतु लेबर -4 (3) ऑफिस असिस्टेंट फीमेल- 2, मेल -2 (4) ITI पास टेक्नीकल असिस्टेंट- 2 चाहिए। पता- प्रतीक आटोमोबाइल्स बबल आइलैंड के सामने, सिरगिट्टी मोड़ बिलासपुर 88277 73222, 9425530065 (36751)

**आवश्यकता है-** मोबाईल एसेसरीज के मार्केटिंग हेतु 3 लड़के 2 लड़कियों एवं दुकान हेतु 1 लड़के की आवश्यकता है पता एम.एन. मोबाईल मैग्नेटो मॉल बिलासपुर नोट स्वयं की गाड़ी अनिवार्य वेतन योग्यतानुसार मो. 99939 11150, 9302959752 (36755)

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस कैन्टीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 9993334937, 8871824812 (36757)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ स्टेशनरी में कार्य करने हेतु लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है जो कम से कम 10 वीं पास हो। वेतन योग्यतानुसार मो. 9098159968 (36765)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में CA ऑफिस में कार्य करने हेतु Tally/GST जानकार युवक युवती की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता Resume इस नंबर पर Whatsapp करें मो. 7566660120 (36763)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में माल जमाने लाने लेजाने ट्रांसपोर्ट में छोड़ने साफ सफाई हेतु लड़के लड़कियां चाहिए फुल/ पार्ट टाइम वाले भी सम्पर्क करें- प्रीमियर एजेन्सी मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (36701)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर राजकिशोर नगर में ओला, कैब एवं ट्रेवल्स में कार चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है, कम से कम तीन साल का अनुभव हो वेतन 8000-10000 मो. 8109400008, 8839996385 (36752)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (Sms Sending Calling Job) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) Name, पता Qualification, Call /sms /whatsapp करें:- 8918984004. (3262)

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता 10वी, 12वी, स्नातक वेतन -10000 रहना खाना फ्रीट्रेनिंग के बाद कमाए 20 से 25 हजार महीना 88714 22576, 9981576163 (302)

**आवश्यकता है-** हॉस्टल साफ सफाई सुबह 9 से शाम 6 तक, काम करने हेतू कर्मचारी चाहिए। संपर्क- मित्र विहार कालोनी, स्काई जिम के बगल वाली गली में, लिंक रोड बिलासपुर 9340969592, 7828803577 (36750)

**आवश्यकता है-** वेल्डर, हेल्पर की फायर फाइटिंग प्रोजेक्ट के एमएस पाईप लाइन के कार्य हेतु वेल्डर, हेल्पर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- एमएस सर्विसेस बिलासपुर 9039524801, 97535 11108 (36753)

**आवश्यकता है-** होटल लॉज में काम करने हेतु मैनेजर और वेटर (रूम सर्विस) की आवश्यकता है ।शादीशुदा लोगों को प्राथमिकता बायोडाटा और आधार की कॉपी के साथ संपर्क करे होटल शिवम देवकीनंदन चौक 86439 10000 (36749)

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है जो सभी गाड़ियां चला सके, वोल्वो, फार्च्यूनर स्विफ्ट इत्यादि। सम्पर्क करें- 94252 19539 (36738)

**आवश्यकता है-** (1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें- 9329233000 (36743)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर, मार्केटिंग स्टाफ, सुपरवाइजर सेल्समैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि वेतन 12000 से 20000 तक योग्यता अनुसार। मिलने का समय सुबह 11:30 से 3:30 बजे तक स्थान- कलकत्ता स्पोर्ट्स क्लब (आरआर कलेक्शन के ऊपर) सूर्या होटल के पीछे, कश्यप कॉलोनी गेट के सामने, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर नोट- (1) अनुभवी को प्राथमिकता, फ्रेशर्स भी सम्पर्क करें (2) रिज्यूम के साथ सम्पर्क करे (36737)

**आवश्यकता है-** आफिस एवं साइट कार्य हेतु फ्रैशर मेहनती अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000 बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- के.डी. एसेट्स सेकेण्ड फ्लोर भारत पेंट कॉम्प्लेक्स, नेहरू चौक बिलासपुर 93003 96412 (36744)

**आवश्यकता है-** घर की साफ सफाई हेतु रहकर काम करने के लिए महिला एवं पुरुष की आवश्यकता है रहने हेतु कमरा free सम्पर्क करें- रामा वर्ल्ड, सिरगिट्टी मोड़, रायपुर रोड, बिलासपुर 9340600776 (36746)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर स्थित प्रतिष्ठित प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी को 5वर्ष अनुभवी एकाउंटेंट की आवश्यकता है। योग्यता बीकॉम, कम्प्यूटर में टैली, एक्सेल, वर्ड का ज्ञान। वेतन- योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9300323523 (36740)

**आवश्यकता है-** आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन + बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 8937847856, 63952 68809 (301)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर आपरेटर सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड लेडी गार्ड मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं से स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई-5.7, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-Alert SGS Private Limited 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर रायपुर 7746000016, 77470 00019 (3160)

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर की टैली या Busy सॉफ्टवेर के जानकार को प्राथमिकता संपर्क करे वेतन आवश्यकतानुसार सिरजन ऑटोमोटिव महिंद्रा केयर 7415894000 (36754)

**आवश्यकता है-** चुड़ी (मनिहारी) दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़के एवं लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है। पता - फिरोजाबाद बैंगल्स स्टोर तेलीपारा बिलासपुर संपर्क करें 9425538825 (36762)

**आवश्यकता है-** एक सुपरवाइजर चाहिए। योग्यता बीटेक। समय सुबह 8 से शाम 5, वेतन 15000 प्रतिमाह बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- बिलासपुर सेरामिक्स प्राइवेट लिमिटेड RTO ऑफिस से आगे सीपत रोड लगरा 7019696743 (36734)

**आवश्यकता है-** ढाबा में काम करने के लिए वेटर, हेल्पर, मिस्त्री, कैप्टन की आवश्यकता है सामान्य पढ़ा लिखा होना चाहिए। सम्पर्क करें- रायपुर रोड बिलासपुर 7000942962, 90989 76666 (36747)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 80172 71898 (3275)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियों, गृहणियां कमाए 15000 45000 महिना लैपटॉप+मोबाइल मुफ्त Name address qualifi -cation/ Call/ Whats App/ SMS करें- 79032 84986 (669)

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 14500 से 18000 सम्पर्क करें- Tango Security Pvt. Ltd. ऑरेंज हाइव, 6th फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर 8109070600, 7869230888 (2476)

## बेचना है

**बेचना है-** हर्ष- फिनिक्ससिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड- 49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (36177)

**बेचना है-** बसंत विहार एसईसीएल सीपत मेन रोड से 300 मीटर, 777 वर्गफुट प्लॉट 13.50 लाख में, मोपका सीपत मेन रोड में सेमीकमर्शियल प्लाट 30 डिसमिल, मंगला धुरीपारा में नया 4BHK मकान सम्पर्क करें- 8770828128 (36646)

**बेचना है-** प्राइम लोकेशन, राजकिशोर नगर, होटल डॉउन टॉउन के पास, बिलासपुर में तीन बेडरूम, एक हॉल, एक किचन 1988 वर्गफुट में बना सर्वसुविधायुक्त मकान बेचना है सम्पर्क करें- 7898118404, 8884361134 (36748)

**बेचना है-** बिलासपुर मोपका में सेन्दरी बायपास चौक में 60×100= 6000 वर्गफुट डबल रोड वाला एक शानदार डायवर्टेड आवासीय प्लाट एवं रायपुर रोड से LCIT कालेज रोड में चिचिरदा डामर रोड में 40 डिसमिल प्लाट वाजिब दाम पर अतिशीघ्र बेचना है। इच्छुक क्रेता ही सम्पर्क करें- 9131590153, 9691335602 (36725)

**बेचना है-** शानदार लोकेशन सेंदरी सकरी हाईवे रोड में काके दी ढाबा के पास 75 फिट फ्रंट में 13080 वर्गफिट, खमतराई में 30x70 एवं प्रथम हॉस्पिटल के पास 40x110 प्लाट बेचना है। 9300878897 (3282)

**बेचना है-** बिलासपुर में मध्य नगरी चौक में वैष्णवी अपार्टमेंट में द्वितीय तल पर 2BHK फ्लैट बेचना है। कृपया खरीदार ही सम्पर्क करें- 9764523388 (36739)

**बेचना है-** 2 कॉमर्शियल टोयोटा इटिऑस और 1 प्राइवेट डस्टर बेहतरीन कंडीशन में (वेल मेन्टेन्ड) शीघ्र बेचनी है संपर्क करें देव ट्रेवल कार रेंटल सर्विस रायपुर मो. 89599 10211 (1631)

## किराया

**किराया-** भारतीय नगर, शिव मंदिर के बगल में स्थित सर्वसुविधायुक्त 2BHK मकान केवल नौकरी या पढ़ने वाली लड़कियों को किराये से देना है। सम्पर्क करें- मानसी ब्यूटी पार्लर 9893007180 (36730)

**किराया-** विद्या नगर गगन अपार्टमेंट के पास डीपूपारा में चौहानजी का मकान फैमिली, जॉब वाली महिलाओं, गर्ल्स छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं को मकान किराये पर देना है 9617830621 9131217676 (36760)




## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- **जिला कार्यालय कोरबा:-** बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- **जिला कार्यालय मुंगेली:-** थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- **शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:-** मो. 9993567380, 8770837744
- **एड प्रयास:-** मो. 9826701269, 9926003943
- **श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-** मो. 9827168452, 9300625174
- **रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:-** मो. 9826129386, 8319503386
- **जे.जे. एडवरटाइजर्स:-** मो. 9300659628
- **भार्गव एडवरटाइजर्स:-** मो. 9827167997
- **श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-** मो. 9826705603
- **एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-** मो. 9827180896, 9131155033
- **रौनक पब्लिसिटी:-** मो. 9300328290, 9981658490
- **श्री श्याम पब्लिसिटी:-** मो. 9425540759

## खबर संक्षेप

### जवानों का मार्च पास्ट और दी सलामी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रायपुर संभाग के संभागीय सेनानी, नगर सेना अनिमा एस. कुजूर द्वारा वार्षिक कार्यालय का निरीक्षण और किट-नेट निरीक्षण के दौरान जवानों द्वारा मार्च पास्ट और सलामी दी गई। साथ ही जवानों का सैनिक सम्मेलन किया गया, जिसमें जवानों ने अपनी समस्याओं के बारे में रूबरू कराया, जिसके निरकरण के लिए जवानों को आश्वासन भी दिया गया। जवानों को उच्चकोटि के अनुशासन में रहने तथा सजगता के साथ ड्यूटी करने की अपील की गई।

# आ रही गर्मी मगर नहीं बदल पाया आंबेडकर अस्पताल का एसी, सप्लायर एजेंसी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड के मौसम में आंबेडकर अस्पताल के मरीजों सहित अन्य लोगों को सुविधा देने चालीस एसी खरीदारी अब तक पूरी नहीं हो पाई है और गर्मी आ रही है। खरीदी की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी की जानी है और इसके लिए सप्लायर एजेंसी मिलने का इंतजार किया जा रहा है। नए एसी पेइंग वार्ड, ट्रामा सहित अन्य स्थानों पर लगाने की योजना थी।

करीब तीन माह पहले आंबेडकर अस्पताल की स्वशासी समिति द्वारा केजुअल्टी, सीटीवीएस विभाग और पेइंग वार्ड में नया एसी लगाने की सहमति दी थी। इसमें बीमारी के इलाज के दौरान शुल्क देकर रहने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 26 एसी लगाने स्वीकृति मिली थी। इसके साथ इमरजेंसी एंड ट्रामा में आपात स्थिति में आने वाले मरीजों और चिकित्सकों की सुविधा के लिए पुराने एसी को बदलने 9, कार्डियक सर्जरी विभाग की ओपीडी, वार्ड सहित अन्य स्थानों के लिए पांच एसी खरीदी करने के लिए सहमति दी गई थी। जानकारी के अनुसार विवादों से दूर रहने अस्पताल प्रबंधन द्वारा खरीदी की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से करना चाह रही है, मगर इसके लिए अब तक सप्लायर एजेंसी तय नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार पेइंग वार्ड सहित केजुअल्टी में लगे एसी काफी पुराने हो चुके हैं जो आए दिन खराब हो जाते हैं। ठंड के मौसम में बिना एसी के इलाज चल जाता है, मगर गर्मी के दिनों में केवल पंखे अथवा कूलर के भरोसे यहां इलाज कराना काफी मुश्किल हो जाता है।

## करीब तीन माह पहले चालीस नए एसी खरीदी को दी गई थी सहमति

### सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम नहीं

आंबेडकर अस्पताल का भवन काफी पुराना है, इसलिए यहां सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था नहीं की गई थी। उस दौरान अस्पताल का कामकाज पंखे और कूलर की मदद से पूरा हो जाता था। अब गर्मी लगातार बढ़ रही, जिसकी वजह से एसी की आवश्यकता बढ़ गई है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कालेज कैंपस में बनने वाले 700 बिस्तर के एकीकृत भवन को सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की सुविधा वाला बनाया जाएगा।




### साइन बोर्ड की योजना भी लंबित

अस्पताल में दूर-दराज से आने वाले मरीजों को भवन के भीतर विभिन्न विभागों की अलग-अलग जानकारी देने के लिए अस्पताल में विभागों का साइन बोर्ड लगाने की योजना भी अब तक अधूरी है। इसकी वजह से की बार जरूरत होने पर मरीजों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। विभागों के बाहर ड्यूटी डाक्टर की जानकारी भी अब तक प्रदर्शित नहीं की जा सकी है।

## पिछली बार गर्मी में 1 करोड़ 58 लाख टैंकर पर हुए खर्च

# टैंकर मुक्त शहर की योजना टांय-टांय फिस्स करोड़ों खर्च के बाद भी किराये के टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राज्य गठन के ढाई दशक में भी रायपुर शहर टैंकर मुक्त नहीं हो पाया है। नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी में किराये के टैंकर से पानी सप्लाई करवाने 50 लाख रुपये का टेंडर कर दिया है, जबकि गत वर्ष 1 करोड़ 58 लाख रुपये इस कार्य में खर्च किये गये। करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी शहर के 70 वार्डो में आम जनता की प्यास बुझाने 12 महीने पीने का साफ पानी पहुंचाने निगम प्रशासन फेलवर साबित हुआ है।

दरअसल, हर साल की तरह इस बार भी गर्मी के सीजन में शहर के 70 वार्डो में रहने वाले 14 लाख लोगों तक पीने का साफ पानी पर्याप्त मात्रा में मिल जाये इसमें संशय बना हुआ है। नगर निगम के अधिकारियों ने इसी उहापोह के चलते एक बार फिर किराये के टैंकर से गर्मी के दिनों में पानी पहुंचाने अभी से टेंडर कर दिया है, जबकि जल विभाग के अफसरों और निवृत्तमान विभाग अध्यक्ष ने दावा किया था कि अबकि बार शहर में किराये के टैंकर की जरूरत नहीं पड़ेगी, पर इसकी स्थिति इसके उलट है।





### पिछले साल गर्मी में 1 करोड़ 58 लाख टैंकर पर खर्च

गत वर्ष नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी के सीजन में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की प्यास बुझाने 75 लाख रुपये का टेंडर ट्रिप के आधार किया था, लेकिन इस पर 1 करोड़ 58 लाख रुपये की बिलिंग हो गई। विडंबना ये है कि अमृत मिशन योजना के तहत करीब 1 लाख 75 हजार घरों में नई पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन देने और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 130 करोड़ शहर के 15 चयनित वार्डों के 20 हजार घरों में 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना का लाभ इस बार गर्मी के समय लोगों को मिल पाएगा या नहीं, यह स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है, जबकि मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 176 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाकर इंटर कनेक्शन देने के काम पूरा हो गया है।

### 2 साल से शोपीस बनकर रह गई लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी

विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर गांव में रहवासियों की पेयजल समस्या का निराकरण करने नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत दो नई पानी टंकी का निर्माण 2 साल पूर्व करवाया। पर फंड खत्म होने से टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। प्रोजेक्ट से



जुड़े अधिकारियों के मुताबिक पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 48 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया पर इसकी मंजूरी नहीं मिली। इसके चलते फुंडहर और लभांडी की नई पानी टंकी महज शो पीस बनकर रह गई है। दोनों गांव में नई पाइप लाइन बिछाने सहित लोगों के घरों में वाटर मीटर लगाने का काम लंबित है।

# ट्रेन में गांजा तस्करी, रेलवे स्टेशन पर धरे गए दो शातिर

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

ट्रेन के जरिए गांजा तस्करी करने वाले शातिर तस्करों को पकड़ने में जीआरपी को बड़ी सफलता मिली है। स्टेशन पर चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 1 के पास ट्रेन का इंतजार कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास 10 किलो से अधिक मादक पदार्थ गांजा पाया गया। पुलिस ने आरोपी विवेक धाकड़ और मनीष मैथिल को गिरफ्तार किया। विवेक धाकड़ के पास 5 किलो 220 ग्राम गांजा था, जिसकी कीमत लगभग एक लाख 4 हजार 400 रुपए है, जबकि मनीष मैथिल के पास 5 किलो 240 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत एक लाख 4 हजार 800 रुपए है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जीआरपी ने बताया कि यह कार्रवाई ट्रेन के जरिए गांजा तस्करी की घटनाओं पर कड़ी नजर रखते हुए की गई है। नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा व उप पुलिस अधीक्षक एसएन अख्तर के निर्देश पर लगातार चेकिंग अभियान जारी है।

दो तस्करों के पास कुल 10 किलो 460 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपी विवेक धाकड़ और मनीष मैथिल के कब्जे से गांजा के अलावा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। आरोपियों ने यह गांजा मुनिगुड़ा ओडिशा से लेकर भोपाल मध्यप्रदेश जाने की योजना बनाई थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें शनिवार को विशेष एनडीपीएस न्यायालय रायपुर में पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### एजाज ढेबर समेत रिश्तेदारों को ईओडब्लू का नोटिस

**रायपुर।** दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले की जांच में नए तथ्य मिलने के बाद पूर्व महापौर एजाज ढेबर तथा उनके करीबी रिश्तेदारों को ईओडब्ल्यू तथा एसीबी द्वारा पूछताछ करने नोटिस जारी किया गया है। पूर्व महापौर तथा उनके रिश्तेदारों को जांच एजेंसी ने नोटिस जारी करने की अब तक पुष्टि नहीं की है। सूत्रों के मुताबिक, स्थानीय निकाय चुनाव का हवाला देकर पूर्व महापौर ने जांच एजेंसी से मोहलत देने की मांग की है। पूछताछ शुरू होने के बाद एजाज ढेबर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एजाज के बड़े भाई और घोटाले के किंगपिन कहे जाने वाले अनवर ढेबर इस मामले में पहले से ही जेल में बंद हैं। वहीं हाल ही में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को ईडी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


## आम सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

### स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुक्ता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। ।चूँकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम **20 फरवरी, 2025** को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन **https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न** के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अभनपुर | |
| 785862000065 | ईश्वरी रात्रे |
| शाखा का नाम : अंबिकापुर | |
| 042562002716 | नेमहंती |
| शाखा का नाम : बैकुण्ठपुर, छत्तीसगढ़ | |
| 360562001632 | गिरजा दास |
| 360562001631 | बलराम बलराम |
| शाखा का नाम : बलरामपुर (छत्तीसगढ़) | |
| 782262000075 | सुनील कुमार गुप्ता |
| शाखा का नाम : बस्तर, छत्तीसगढ़ | |
| 360162001811 | नरेन्द्र कश्यप |
| 360162001813 | रामवती बघेल |
| शाखा का नाम : बिलासपुर-गुरूनानक चौक | |
| 242562001944 | दीपक जगवानी |
| शाखा का नाम : बिलासपुर-मंगला चौक | |
| 181462002562 | अमित कुमार यादव |
| 181462002565 | रितेश कुमार गिरि |
| शाखा का नाम : चिरमिरी | |
| 162562002795 | उदल सिंह |
| शाखा का नाम : धरमजयगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 372362000507 | सत कुमार गुप्ता |
| शाखा का नाम : दीपका | |
| 216562001142 | कीर्तन बाई धीवर |
| शाखा का नाम : घरघोड़ा, छत्तीसगढ़ | |
| 372262001447 | अनित कुमार राठिया |
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108562010914 | मुन्ना राम कश्यप |
| 108562011107 | प्रेम दास |
| 108562011968 | मोती ठाकुर |
| 108562011971 | रूको कश्यप |
| 108562011998 | ज्योथि अनिश |
| 108562012009 | मो. आदिल अहमद |
| 108562012014 | श्याम सिंह कुशवाह |
| शाखा का नाम : जगदलपुर II | |
| 443162000864 | प्रेम दास |
| 443162000837 | नरेन्द्र सूर्वा |
| शाखा का नाम : कांकेर, छत्तीसगढ़ | |
| 371762002635 | यशपाल सर्वा |
| शाखा का नाम : कोंडागांव, छत्तीसगढ़ | |
| 328105003896 | अतित दास |
| 328162004701 | नंदलाल राठौर |
| 328162005516 | अलेख राम |
| 328162005520 | सुरेश दास मौगारी |
| शाखा का नाम : कोरबा | |
| 035362003333 | लक्ष्मी देवांगन |
| 035362003371 | लक्ष्मी देवांगन |
| शाखा का नाम : मुंगेली | |
| 328062002311 | पारस कुमार |
| 328062002752 | श्यामलाल श्यामलाल |
| शाखा का नाम : नागरनार | |
| 263962002384 | आनंद बघेल |
| 263962002408 | मोहन सिंह नाईक |
| शाखा का नाम : नारायणपुर | |
| 783562000188 | कमलेश नेताम |
| 783562000190 | संजीवन कुमार सिकदार |
| 783562000205 | संजीवन कुमार सिकदार |
| शाखा का नाम : पाली, छत्तीसगढ़ | |
| 280462000841 | रसिक डिकसेना |
| शाखा का नाम : पत्थलगांव | |
| 782162000034 | कौशर कौशर |
| शाखा का नाम : पेण्ड्रा | |
| 784862000116 | अर्जुन चौबे |
| शाखा का नाम : रायगढ़ | |
| 092662002781 | सत्यम कुमार बोहरा |
| शाखा का नाम : रायगढ़-कबीर चौक | |
| 804205000075 | तिलोत्तमा दिवांगन |
| शाखा का नाम : रायपुर | |
| 016162011692 | ज्योति कैवर्त |
| शाखा का नाम : रायपुर-डूमरतराई | |
| 429762000534 | संजीत कुमार साहू |
| शाखा का नाम : रायपुर-लाभांडी | |
| 478105000057 | शंकर प्रसाद गोपे |
| शाखा का नाम : रायपुर-सुंदर नगर | |
| 409562001109 | लक्ष्मीनारायण साहू |
| शाखा का नाम : रायपुर-पंडरी | |
| 134762001962 | प्रहलाद सिंह ठाकुर |
| शाखा का नाम : सरायपाली | |
| 783262000158 | शशिकांत बारिक |
| शाखा का नाम : सुकमा | |
| 788262000146 | पंकज भूताड़ा |
| 788262000148 | जगदीश कुमार नाग |
| शाखा का नाम : खरियर रोड, ओडिशा | |
| 368462003147 | तुलसीराम पटेल |

दिनांक : 10.02.2025
स्थान : बस्तर, कोरबा, कोरिया, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, महासमुंद, सूरजपुर, मुंगेली, बलरामपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, धमतरी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, जशपुर, सुकमा, सरगुजा

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड





**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

होंडा अधिकृत विक्रेता एवं ब्रांच : बिलासपुर: ड्रीम होंडा- 07752 -409057, उसलापुर: ड्रीम होंडा- 9516661444, बिलासपुर: सरकंडा, मौसाजी होंडा-7024149881, 07752-412121, जगमल चौक: मौसाजी होंडा- 07752 -417070, 9109690484, अम्बिकापुर : महामाया होंडा- 7489027000, जसवानी होंडा- 8358063000, बैकुंठपुर: प्रमिला होंडा- 7000405012 , जांजगीर-चांपा: गट्टानी होंडा - 7694011205, कोरबा: विशाल होंडा- 07759-222509, कृष्णा होंडा- 6232103020, जशपुर : देवनारायण होंडा - 9425251702, रायगढ़: शारदा होंडा - 9300473589, शांति ऑटो होंडा - 9343609281, मुंगेली: मानसी होंडा - 9131402454, 8649933333

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com

Embassy

# ट्रेन में नहीं फैलेगी आग की अफवाह, अब हॉट बॉक्स डिटेक्टर से कंट्रोल रूम को मिलेगी सटीक जानकारी

## बिलासपुर जोन में 8 हॉट बॉक्स डिटेक्टर इंस्टॉल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

चलती ट्रेन में अचानक हॉट एक्सल की घटनाएं कई बार बड़े हादसों का कारण बन चुकी हैं। हल्की-सी चिंगारी या धुआं फैलने से आग लगने की अफवाह फैल जाती है, जिससे यात्री अपनी जान बचाने के लिए ट्रेन से कूद जाते हैं। पिछले एक साल में ऐसी तीन घटनाएं हुईं, जिनमें कई यात्रियों की जान गई। ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रोकथाम के लिए हॉट बॉक्स डिटेक्टर की तकनीक उपयोग में लाई, इससे घटनाओं पर अंकुश लगेगा। सीपीआरओ ने बताया कि 8 हॉट बॉक्स डिटेक्टर इंस्टॉल किए जा चुके हैं। इसके लगाने का काम जारी है।

बता दें कि ट्रेनों के पहियों की निरंतर गतिशीलता के कारण कभी-कभी बाल बेयरिंग विफल हो जाता है, जिससे पहिए (एक्सल) के तापमान में अचानक बढ़ोतरी होती है। यह समस्या ओवरलोडिंग, बेयरिंग की दोषपूर्ण स्थिति या अन्य तकनीकी कारणों से उत्पन्न हो सकती है। हॉट एक्सल के कारण अचानक आग लगने का खतरा रहता है। इसे रोकने के लिए अब रेलवे द्वारा हॉट बॉक्स डिटेक्टर जैसी तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

### ट्रेन के पहिए का तापमान मापने में सक्षम

हॉट बॉक्स डिटेक्टर 130 किमी प्रतिघंटे की गति से चलने वाली ट्रेन के पहिए का तापमान मापने में सक्षम है। इसकी मदद से ट्रेन के गुजरने के एक मिनट के अंदर ट्रेन के प्रकार, गति, पहिए के तापमान में अंतर का डाटा स्टोर किया जा सकता है। दो प्रॉक्सिमिटी सेंसर, दो इंफ्रारेड सेंसर व एक एचएबीडी बॉक्स से मिलकर बना है। प्रॉक्सीमिटी सेंसर ट्रेनों की गति, दिशा और लोड के प्रकार को बताता है, जबकि इंफ्रारेड सेंसर पहिए पर फोकस कर तापमान को मापता है। सारे संकेत हॉट एक्सल एवं हॉट बॉक्स डिटेक्टर को भेज देता है, जहां से इस मशीन के सॉफ्टवेयर में अंकित मोबाइल नंबरों पर सूचना पहुंच जाती है।

### इस तरह काम करेगा डिटेक्टर

स्टेशन के आउटर पर हॉट बॉक्स डिटेक्टर का सेंसर ट्रेन आने का सिग्नल आते ही अलर्ट हो जाएगा। इससे निकलने वाली लेजर से ट्रेनों के पहिए की निगरानी की जा सकेगी। ट्रेक के किनारे लगने वाला उपकरण हॉट एक्सल या ब्रेक जाम होने की स्थिति में उसे भांप लेगा और रेलवे कंट्रोल को तुरंत इसकी ऑटोमेटिक सूचना मिल जाएगी। पहिए के तापमान की स्थिति और अन्य तकनीकी जानकारियां भी रिकॉर्ड हो जाएंगी। साथ ही नजदीकी स्टेशन पर लगे सिस्टम में भी समस्त सूचनाएं पहुंच जाएंगी। संबंधित विभाग के कर्मचारियों के मोबाइल पर भी अलर्ट मैसेज जाएगा। इससे समय रहते ही कर्मचारी गड़बड़ी को ठीक कर सकेंगे।

### डिटेक्टर लगाने का काम जारी

हॉट बॉक्स डिटेक्टर लगाने का काम जारी है। अभी तक 8 डिटेक्टर को इंस्टॉल किया जा चुका है। इस तकनीक से बोगियों के पहिए में आग की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग पाएगा।

**- डॉ. सुरकर विपुल विलासराव,**
सीपीआरओ, दपूमरे

# सांसद बृजमोहन का रेलमंत्री को पत्र, ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा बढ़ाने की मांग

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर प्रदेश से गुजरने वाली ट्रेनों में स्लीपर समेत सभी श्रेणी में इमरजेंसी, वीआईपी कोटा बढ़ाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने डीआरएम रायपुर और डीआरएम बिलासपुर से भी आवश्यक कदम उठाने को कहा है। श्री अग्रवाल ने पत्र में अवगत कराया कि रायपुर से गुजरने वाली लगभग 90 ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा बहुत कम है, और कई ट्रेनों में यह कोटा उपलब्ध ही नहीं है। इससे मरीजों, विद्यार्थियों और अन्य जरूरतमंद यात्रियों को बर्थ न मिलने के कारण असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। लंबी वेटिंग लिस्ट के कारण यात्रियों को वैकल्पिक एवं महंगे साधनों का उपयोग करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी होती है। श्री अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ एक महत्वपूर्ण औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र होने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का केंद्र भी है।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com